संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 06 मार्च 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 64 पृष्ठ: 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अवमानना: हरियाणा के मुख्य सचिव व गृह सचिव को नोटिस


**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने प्रदेश के पांच न्यायिक अधिकारियों की अवमानना याचिका पर हरियाणा के मुख्य सचिव सहित दो अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरुग्राम मनोज कुमार राणा और अन्य अधिकारियों ने नियुक्तियों को लेकर हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश का पालन न करने पर अवमानना याचिका दायर की है। इस मामले में जस्टिस राजबीर सहरावत की बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल और गृह एवं न्याय विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद को नोटिस जारी कर 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अपनी याचिका में अधिकारियों ने हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश की जान-बूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया है।
कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति पर सिफारिशें राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हैं। साथ ही निर्देश दिया कि जिन 13 अधिकारियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों (एडीजे) के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई थी, उनकी नियुक्ति दो सप्ताह के भीतर की जाए। विचाराधीन आदेश उन याचिकाओं पर आया, जिनमें हाई कोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के सरकार के कदम को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट से फिर से नाम भेजने के लिए कहा गया था। सरकार का विचार था कि केंद्र से प्राप्त कानूनी राय के अनुसार हाई कोर्ट ने 30 नवंबर 2021 के एक प्रस्ताव के माध्यम से इन रिक्तियों को भरने के लिए मानदंड में संशोधन किया है। नियमों में संशोधन के लिए परामर्श की आवश्यकता अनिवार्य है। इसमें परामर्श नहीं हुआ था, इसलिए सरकार उच्च चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं थी।
**फरवरी 2023 में एडीजे के लिए 13 नामों की थी सिफारिश:** फरवरी 2023 में एडीजे के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट ने 13 नामों की सिफारिश की गई थी। सरकार ने नामों को अधिसूचित नहीं किया। इसे लेकर 6 सितंबर, 2023 को कुछ न्यायिक अधिकारियों ने न्यायिक पक्ष में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और याचिकाएं दायर की गईं। इस पर 20 दिसंबर को दो सप्ताह के भीतर अनुशंसित अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश के साथ निस्तारण किया गया था। याचिका के अनुसार, सरकार के साथ-साथ कुछ असफल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 13 फरवरी, 2024 को उपरोक्त सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी गईं, लेकिन उसके बाद भी नियुक्तियों को अधिसूचित नहीं किया गया है।

### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"
-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
-स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## 'परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया'

### = उन्होंने जमीन-आसमान बेचकर कोठियां बनवाईं, मैंने घर भी नहीं बनवाया: पीएम

**साधा निशाना**

8 सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की



**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबाद/भुवनेश्वर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्डी में 7200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा- पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है- मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। पीएम ने कहा- मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है? मोदी बोले- विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार के लिए जमीन-आसमान बेच दिए और अपनी कोठियां बनवाईं। मैंने आज तक अपना घर भी नहीं बनवाया। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री और अब देश का प्रधानमंत्री रहते हुए अब तक 150 करोड़ के गिफ्ट नीलाम करवाकर जनता की सेवा में लगा दिए।
**मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है:** प्रधानमंत्री ने कहा- कल भी मैं तेलंगाना में था और आज भी आया हूं। इन दो दिनों में 63 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। आप भी जानते हैं कि मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है। मैंने कहा था- मोदी के ये पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में विकास की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है। मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे।

### मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है: मोदी

मोदी ने कहा- मैंने एक ही परिवार के 50-50 लोग पदों पर विराजमान देखे हैं। ये कहते हैं कि मोदी के साथ हमारी विचारधारा की लड़ाई है। वो कहते हैं फैमिली फर्स्ट, मोदी कहता है कि नेशन फर्स्ट। ये है विचारधारा की लड़ाई। प्रधानमंत्री ने कहा- उनके लिए उनका परिवार ही सब कुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है।

### परिवारवादियों ने जमीन-आसमान बेचे, कोठियां-महल बनवाए

पीएम ने कहा कि उन्होंने काला धन ठिकाने लगाने के लिए विदेशी बैंकों में अपने खाते खोले। मोदी है, जिसने यहां करोड़ों गरीब भाई-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। ये फर्क है। परिवारवादियों ने अपने परिवार के लिए कोठियां-महल-शीशमहल बनवाए। मोदी ने अपने लिए एक घर तक नहीं बनाया। मोदी देश के गरीबों के पक्के घर बनवा रहा है। अब तक 4 करोड़ घर बन चुके हैं। परिवारवादियों ने देश की खदानें, महंगी जमीनें और आकाश तक बेचा।

## संदेशखाली मामले की जांच करेगी सीबीआई: हाईकोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने ईडी अधिकारियों पर हमला मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उन्होंने आदेश दिया है कि मामले की जांच सीबीआई करेगी और आज मंगलवार शाम तक शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले करने को कहा है। सारे दस्तावेज भी सीबीआई के हवाले करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। बनगांव और नजात थाने में दर्ज तीन प्राथमिकी की जांच सीबीआई करेगी जो पूरी तरह से ईडी अधिकारियों पर हमला मामले से संबंधित है। दरअसल, पांच जनवरी को राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की टीम शेख शाहजहां के घर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां एकत्रित हुए हजारों लोगों ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में शाहजहां को मुख्य आरोपित बनाकर दावा किया था कि उसी के कहने पर लोगों ने हमले किए थे। उसके बाद से शाहजहां फरार हो गया था। आखिरकार 55 दिनों बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सख्त रुख अख्तियार करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था।

**ममता को झटका**

8 शेख शाहजहां को सारे दस्तावेज के साथ केंद्रीय एजेंसी के हवाले करने का निर्देश: हाईकोर्ट

## 'मोदी की गारंटी के संकल्प के साथ एक श्रेष्ठ भारत का हो रहा निर्माण'



**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मोदी की गारंटी के संकल्प के साथ एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण हम सबको करना होगा। आज हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। जल्द ही हमारा स्थान तीसरे नंबर पर होने जा रहा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को यमुनोत्री विधानसभा के बड़कोट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। टिहरी गढ़वाल से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित होने के बाद बड़कोट में आयोजित जनसभा से लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज मोदी जी गांव, गरीब, किसान, वंचित सभी की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना हमारे पहाड़ की महिलाओं के आंखों को धुएं से मुक्ति दिला रही है। आज हमारी बहनें, माताएं घरों में गैस चूल्हे पर आराम से भोजन बना रही हैं। यह भी मोदी जी के कारण ही सम्भव हो पाया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत हर गरीब को राशन मिल रहा है। आज हर गरीब का अपना पक्का मकान बन रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों की संख्या में गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। जन-धन योजना से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुल चुके हैं, जिससे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जा रहा है, किसान सम्मान योजना प्रत्येक परिवार को प्रदान की जा रही है।

**एक भारत...**

8 मोदी के गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनमानस हो रहा लाभान्वित

## त्रिपुरा सरकार ने कर्मचारियों का बढ़ाया 5 फीसदी महंगाई भत्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**अगरतला:** त्रिपुरा की प्रो. डॉ. मानिक साहा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे महंगाई भत्ते में पांच फीसदी का आज इजाफा किया गया है। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. साहा ने त्रिपुरा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बीते 1 जनवरी से दिया जाएगा। राज्य सरकार का इस पर 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च होगा।

## सीडीएस ने 'विजन 2047' के लिए रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' होने पर जोर दिया

### दो दिवसीय विचार मंथन सत्र में स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने पर हुई खास चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत के विजन 2047 के अनुरूप रक्षा विनिर्माण और उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र के आखिरी दिन रक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार, सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास और रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र के बीच प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से मुख्यालय इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ की ओर से



सैन्य मामलों के विभाग के तत्वाधान में आयोजित पहले दो दिवसीय विचार मंथन सत्र हास्वदेशीकरण को प्रोत्साहनहृ का मंगलवार को समापन हुआ। विचार मंथन के दौरान स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने और भारतीय रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से नीतिगत सुधार के लिए बहुत ही उपयोगी परिणाम सामने आए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में रक्षा सुधारों में चल रही परिवर्तनकारी प्रक्रिया को रेखांकित किया। विचार मंथन सत्र में रक्षा मंत्रालय, डीएमए, सेवा मुख्यालय, भारतीय तट रक्षक, डीआरडीओ, रक्षा उत्पादन विभाग, डीजीक्यूए, शिक्षा, उद्योग भागीदारों और त्रि-सेवाओं की क्षेत्रीय इकाइयों के प्रमुख हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी की।

**प्रकाश डाला**

8 अनुसंधान एवं विकास और रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र के बीच प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## हिप्र के अयोग्य घोषित 6 विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हिमाचल प्रदेश विधानसभा से अयोग्य करार हुए कांग्रेस के छह विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य ठहराने के फैसले को चुनौती दी है। कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा, राजिंदर राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने स्पीकर के फैसले को गलत ठहराते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।

## सीएम ने 64 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।
**उत्तराखंड में बना व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण:** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार



करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्रांड एम्बेसडर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़ कर भूमिका आप लोगों ने निभाई है। इससे प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सपने साकार हो रहे हैं। इसी का प्रतिफल है कि उत्तराखंड में व्यापार, विकास और विश्वास का नया माहौल बना है।
**उत्तराखंड ग्रांड चैलेंज 2022-23 के विजेता हुए पुरस्कृत:** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप उत्तराखंड ग्रांड चैलेंज 2022-23 के विजेताओं यथा साक्षी एंड ग्रुप, अंकुश गर्ग, सौम्यदीप एंड अभि, लव शर्मा, मयंक बिष्ट, अरुण शर्मा, तेजस एंड वंश, समृद्धि एंड ग्रुप, समृद्धि एंड शिव साक्षी तथा कुलदीप बिष्ट को पुरस्कृत किया।

## 'कर्नाटक विधानसभा में लगे पाकिस्तान के समर्थन में नारे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने स्वीकार किया है कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के नतीजे के बाद राज्य विधानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए थे। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परमेश्वर ने कहा कि रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए हैं। लोगों ने दो बार नारे लगाए हैं लेकिन प्रयोगशाला की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

**स्वीकारी**

8 रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है

**विकासात्मक** नेरवा में बहुमंजिला बस अड्डा निर्मित करने, दुग्ध शीतन केन्द्र स्थापित करने, नेरवा और कुपवी में मिनी सचिवालय स्थापित करने करने की घोषणा की

## सीएम सुक्खू ने नेरवा में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए

**चमन शर्मा**
**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला जिला के चौपाल के नेरवा में 73.43 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नवीन योजनाओं के माध्यम से राज्य के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्यरत है।
मुख्यमंत्री ने 5.10 करोड़ रुपये की लागत से कनाहल से बजाथल, 5.14 करोड़ रुपये की लागत से सैंज से डाक सराहं, 6.83 करोड़ रुपये की लागत से ताराहं से बनाह,



6.89 करोड़ रुपये की लागत से पबास से मशरौह, 4.01 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नन्हार से मलकोट मार्ग वाया कुफ्टू कलून हरिजन बस्ती सड़क तथा नानू कुठाड़ बासाधार गियान कोट मार्ग पर 2.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने न्योटी छावनी बावी मार्ग पर न्योटी में शालू खड्ड पर 4.36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 60 मीटर लम्बे प्रीस्ट्रेस्ड डबल लेन पुल का शिलान्यास किया। उन्होंने 30.46 करोड़ रुपये की लागत से खिड़की से चौपाल मार्ग को चौड़ा करने एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला भी रखी। उन्होंने 7.68 करोड़ रुपये की लागत से देहा कठोरी पुंडर घलाना मार्ग के स्तरोन्नयन कार्य का शिलान्यास भी किया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जन हितैषी सोच के साथ न केवल योजनाओं को धरातल पर उतार रही है अपितु चुनाव पूर्व लोगों के साथ किए गए वायदों को कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद भी पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गत दिवस प्रदेश की 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं को इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपये मासिक प्रदान करने की घोषणा कर अपनी पांचवी गारंटी पूरी की है।

**विकास कार्य**

8 प्रदेश सरकार नवीन योजनाओं के माध्यम से राज्य के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्यरत है।

## हाई कोर्ट का सुक्खू सरकार को बड़ा झटका

**चमन शर्मा**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के प्रावधानों को असंवैधानिक ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के समक्ष विद्युत उत्पादन से जुड़े भारत सरकार के उपक्रमों और निजी विद्युत कंपनियों ने याचिकाएं दायर की थीं। न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने 39 याचिकाकर्ता कंपनियों की याचिकाओं को स्वीकारते हुए अधिनियम के प्रावधानों को खारिज कर दिया। अदालत ने प्रदेश सरकार को उक्त अधिनियम के रद्द किए गए प्रावधानों के तहत उगाही गई राशि को चार सप्ताह के भीतर वापिस करने के आदेश भी दिए हैं। अदालत ने कानून को निरस्त करते हुए इसके तहत बनाए गए नियमों को भी रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत प्रदेश सरकार इस तरह के कानून बनाने की शक्तियां नहीं रखती। एनटीपीसी, बीबीएमबी, एनएचपीसी और एसजेवीएनएल ने दलील दी थी कि प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत उस पानी पर टैक्स नहीं लगा सकती जिसका उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जाता हो। प्रदेश सरकार केवल उत्पादित बिजली पर ही टैक्स अथवा सेस लगाने की शक्तियां रखती है। केंद्र और राज्य सरकार के साथ अनुबंध के आधार पर कंपनियां राज्य को 12 से 13 फ़ीसदी बिजली मुफ्त देती हैं। इस स्थिति में हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के तहत कंपनियों से सेस वसूलने का प्रावधान संविधान के अनुरूप नहीं है।

**खारिज**

8 हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के प्रावधानों को असंवैधानिक ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया

# दुनिया का मॉडल बनेगा उत्तराखंड, अर्थव्यवस्था को मिलेगी उड़ानः धामी

ग्लोबल इन्वेस्टर्स

8 – उत्तराखंड में निवेश की भरमार, ढाई लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारेगी सरकार




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड हर क्षेत्र में दुनिया का मॉडल बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से उत्तराखंड को अलग पहचान मिल रही है। विकल्प रहित संकल्प के साथ 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। लक्ष्य निर्धारित करने के लिए संकल्प में कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। जिस संकल्प में विकल्प नहीं होता, वह संकल्प जरूर पूरा होता है।

मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिए पहली बार दिल्ली में 12 हजार करोड़ के एमओयू हुए थे। इसके बाद दुबई समेत विभिन्न शहरों से उत्तराखंड में निवेश के लिए एमओयू हुआ।

उत्तराखंड में कुल ढाई लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य है। जल्द ही इसे सरकार धरातल पर उतारेगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से उद्योग जगत को बढ़ावा तो मिलेगा ही, रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि ये तो अभी शुरूआत है, उत्तराखंड में निवेश की भरमार होगी।

उन्नति पथ पर देवभूमि, खोलेगी निवेश के नए द्वार-
उत्तराखंड वह राज्य है जहां हम दिव्यता और विकास को एक साथ अनुभव कर सकते हैं। देवभूमि यहां होने वाले निवेश के नए द्वार खोलेगी। उत्तराखंड हर क्षेत्र में तेजी से उन्नति कर रहा है।

पिछली सरकारों को घेरा, बोले-पहले भी हो सकते थे ये काम
ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मुख्यमंत्री धामी ने पिछली सरकारों पर भी घेरा। कहा कि आज जो काम उत्तराखंड में हुए हैं और हो रहे हैं, वो पहले भी हो सकते थे।

पहाड़ों के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी-
उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, रोप-वे, बिजली, सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने से उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ों के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी है।

# नीरजा चेरिटेबल ट्रस्ट ने खेल में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को किया सम्मानित

सम्मान समारोह

8 सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सतीश कुमार सरकी ने पांच लोगों को सम्मानित किया

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नीरजा देवभूमि चेरिटेबल ट्रस्ट ने अपने शिक्षण संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान खेल और समाज सेवा में प्रतिभा दिखाने वालों को सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सतीश कुमार सरकी संयुक्त निदेशक खेल उत्तराखंड सेवानिवृत्ति ने पांच लोगों को सम्मानित किया।

इस दौरान खेलों में जितेंद्र बिष्ट एवं राहुल कपरवान को सम्मानित किया, जिन्होंने हाल ही में स्टेट चैंपियन में प्रतिभाग कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है और ललित मनचंदा, सतीश अग्रवाल एवं जय नारायण शर्मा समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित ट्रस्ट संस्थापक नीरजा गोयल, सहसंस्थापक नूपुर गोयल, श्रीमती शिखा पाल अध्यापिका, अंजना सिलाई से, अनसूया, ध्रुव बंसल, मनोज गुप्ता, जय नारायण शर्मा भी मौजूद थे ।



## जंगली क्षेत्रों में अकेले न जाएं : प्रमुख वन संरक्षक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक का मानना है कि जंगलों व वन क्षेत्रों में अकेले जाने से वन्य जीवों के हमले का खतरा रहता है।

उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि वन क्षेत्रों में उचित नहीं। विभिन्न क्षेत्रों में जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में घुसने और मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं पिछले कुछ दिनों से बढ़ने लगी हैं। इसको लेकर उत्तराखंड वन विभाग लोगों को जागरूक कर बचने की अपील कर रहा है।प्रदेश के प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने जनता से अपील की है कि वह जंगली क्षेत्र में अकेले ना जाएं।

# श्रीलंका के सिविल सेवकों ने सीखे प्रशासनिक क्षमता के गुण

कार्यक्रम

8 श्रीलंका से आये सिविल सेवकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीलंका से आये सिविल सेवकों के लिए जिला प्रशासन के तत्वावधान में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों ने प्रतिभाग किया। जिला कार्यालय पहुंचने पर डेलिगेशन का तिलक लगाकर और पुष्प देकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन और आईएएस ट्रेनी दीपक सेठ ने केंद्र व राज्य सरकार, त्रिस्तरीय पंचायतों, नगर निकायों की स्थापना, महत्व व कार्यप्रणाली के बारे में बताया। डेलिगेट्स को जिला मजिस्ट्रेट के विकास, आपदा, निर्वाचन, कानून एवम शांति व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य एवं शक्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने जनकल्याण हेतु संचालित योजनाओं के चयन, संचालन, योजनाओं में धनराशि के प्रवाह आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने भारतझश्रीलंका के संबंध, कल्चर आदि के बारे में विस्तार से बताया और श्रीलंका से निकटता व लगाव के बारे में भी अपने अनुभव साझा किए।एसपी क्राइम और ट्रैफिक पंकज गैरोला ने कानून और शांति व्यवस्था बनाने रखने में पुलिस प्रशासन, इंटेलिजेंस की भूमिका तथा कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान कोर्स कॉर्डिनेटर एण्ड इंचार्ज डॉ. एपी सिंह, टीम लीडर एवं डिविजनल सेक्रेट्री रंगना सजीवा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड को मिली 71000 करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग, युवाओं को अवसर देने वाले उद्योगों को प्राथमिकता देगी सरकार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार को लगभग 71000 करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग मिली है, जो कि हस्ताक्षरित कुल एमओयू की लगभग 20 प्रतिशत राशि है। अभी उत्तराखंड में बहुत काम करना है और राज्य सरकार उस दिशा में काम कर रही है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उत्तराखंड में उद्योग स्थापित करने के लिए आने वाले उद्योगपतियों को सभी सुविधाएं प्रदान की जाए। हम उन निवेशकों और उद्योगों को प्राथमिकता देंगे, जो उत्तराखंड के युवाओं को अधिकतम अवसर देंगे।
देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सुरंग बचाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि देवताओं के आशीर्वाद से श्रमिकों को बाहर निकाला गया। पूरी दुनिया इसे देख रही थी। उस समय विश्व कप भी चल रहा था, लेकिन लोग सुरंग बचाव अभियान भी देख रहे थे। प्रधानमंत्री ने उस समय भी कहा था कि इन्वेस्टर्स समिट सफल होगी और आज राज्य सरकार ने इतने बड़े एमओयू पर हस्ताक्षर किए है।

### नीलकंठ दर्शन कराने जा रहा वाहन चालक पर हाथी ने किया हमला

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र अंतर्गत मौनी बाबा तिराहे पर मंगलवार की सुबह एक ड्राइवर को जंगली हाथी ने उस समय गंभीर रूप से घायल कर दिया, जब वह बिजनौर से सवारियों को लेकर नीलकंठ के दर्शन करवाने जा रहा था। लक्ष्मण झूला थाना प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि मंगलवार की सुबह प्रातः 05 .28 पर डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम पौड़ी ने थाना लक्ष्मणझूला पर अवगत कराया गया कि मौनी बाबा तिराहा लक्ष्मणझूला के पास एक ड्राइवर जिसे हाथी ने हमला कर घायल कर दिया है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन चालक सतेंद्र उर्फ सोनू पुत्र लखबीर सिंह निवासी पायल कालोनी पायल टाकीज के पीछे रामलीला ग्राउंड के पास जनपद बिजनौर-उत्तर प्रदेश को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एम्स ऋषिकेश भर्ती कराया।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पाएं मुफ्त बिजली और सब्सिडी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय डाकघर विभाग एवं नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय के समन्वय से संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से प्रदेश का हर घर अब रोशन होगा।

# निर्धारित कोटे के अनुसार राजकीय सेवाओं में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को नहीं मिल रहा आरक्षण



जांच की मांग

8 सभी भर्ती विज्ञप्तियों में निर्धारित कोटे के अनुसार आरक्षण की व्यवस्था नहीं की जा रही है

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अनुसूचित जाति, जन जाति और पिछड़ी जाति वैचारिक महासभा चमोली ने राजकीय सेवाओं के लिए संवैधानिक तौर पर एससी, एसटी और ओबीसी को निर्धारित आरक्षण के अनुसार आरक्षण न मिलने पर रोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर जांच की मांग की है।

महासभा के जिलाध्यक्ष पुष्कर बैछवाल, महासचिव राकेश टम्टा ने कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य है कि वर्तमान समय में उत्तराखंड के विभिन्न सेवाओं के लिए भर्ती निकाली गई और निकाली जा रही है, लेकिन उन सभी भर्ती विज्ञप्तियों में आरक्षित वर्ग के लोगों के लिए निर्धारित कोटे के अनुसार आरक्षण की व्यवस्था नहीं की जा रही है। कई विज्ञप्तियों में तो आरक्षण को शून्य किया जा रहा है, जिससे आरक्षित वर्ग के बेरोजगार युवाओं में हताशा का भाव पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही पदोन्नति में आरक्षण समाप्त कर दिया है और अब भर्ती प्रक्रिया में भी आरक्षण को नजर अंदाज किया जा रहा है जो कि आरक्षित वर्ग के साथ अन्याय है। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मामले की जांच की मांग की है ताकि आरक्षित वर्ग के बेरोजगार युवाओं को लाभ मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में पुष्कर बैछवाल, गिरीश आर्य, मनीष कपरवाल, राकेश टम्टा, मोहित कुमार, राजेश कुमार, मदन लोहनी, मनमोहन ओली, मदन खनेड़ा, धीरेंद्र गरोड़िया, नीरज परमार, आशिम अहमद, रामलाल, शिवलाल आर्य, माखन पलेठा, सोहनलाल, दिनेश शाह, कैलाश चंद्रवाल आदि मौजूद थे।

## मंत्री जोशी ने किया पार्क सौंदर्यीकरण का लोकार्पण


**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्थानीय विधायक, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को जनपद देहरादून में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं.6 दून विहार जाखन में 21 लाख रुपए की लागत से सेंट्रल पार्क के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण और वार्ड नं.6 दून विहार में 73.01 लाख रुपये की लागत के वे डिंग जोन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा लंबे समय से क्षेत्र में वेंडिंग जोन की मांग यहां चल थी। उन्होंने कहा रेहड़ी ठेली वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि यह वेंडर जोन देहरादून का दूसरा वेंडर जोन है।

# राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के लिए दूसरी जगह भूमि तलाशनी की शुरू

भूमि तलाश

8 नैनीताल के पटवाडांगर से फतेहपुर हल्द्वानी जाने वाले मार्ग बेल बसानी में चयनित की है।

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इम्पॉवरमेंट कमेटी के उत्तराखंड हाई कोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर आपत्ति लगाने और हाईकोर्ट को शिफ्ट करने के लिए दूसरी जगह भूमि तलाशनी शुरू कर दी है।



इसके लिए उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 20 फरवरी 2024 को इम्पॉवरमेंट कमेटी ने जारी पत्र जारी किया था। इसी क्रम में राज्य सरकार ने दूसरी जगह भूमि तलाशनी शुरू की। जिला प्रशासन ने यह जगह शुरूआती दौर में नैनीताल के पटवाडांगर से फतेहपुर हल्द्वानी जाने वाले मार्ग बेल बसानी में चयनित की है।
प्रदेश के प्रमुख सचिव वन डॉ. आरके सुधांशु, सचिव पंकज पांडे और अन्य अधिकारियों ने इस सम्बंध में हाई कोर्ट की मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी से भेंट कर इस नए चयनित भूमि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट के लिये 26 हेक्टेयर भूमि की जरूरत है, जो एकमुश्त नहीं मिल रही है और विकल्प के रूप में सबसे बड़ी दस हेक्टेयर राजस्व भूमि बेल बसानी में चयनित की है।

# शहरी विकास मंत्री अग्रवाल ने किया वेंडर जोन का शुभारंभ

वेंडर जोन

8 शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यह वेंडर जोन देहरादून का दूसरा वेंडर जोन है।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यह वेंडर जोन देहरादून का दूसरा वेंडर जोन है। इसके निर्माण के बाद रोजगार का एक स्थाई समाधान स्थानीय लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नलकूप, सीवर लाइन, पार्क, सड़के, सामुदायिक भवन, विद्युतीकरण आदि कार्य इस वर्ष पूर्ण किए गए हैं। डॉ अग्रवाल ने सेंट्रल पार्क के शेष कार्य के लिए एमडीडीए को निर्देशित किया।



डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ कर जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। आज उत्तराखंड विकास और विश्वास के अभूतपूर्व माहौल में, जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य हम सभी का सामूहिक लक्ष्य है और इसे सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे ह्वविकल्प रहित संकल्पह्व की पूर्ति के लिए किये जा रहे प्रयासों में सहयोगी बनें।

# जिलाधिकारी ने किया जिएं पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी का शुभारंभ

शुभारंभ

8 जिए पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी की 18वीं लाइब्रेरी का शुभारंभ जिलाधिकारी ने नेहरू मार्केट में किया।

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
टनकपुर में स्थित जिए पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी की 18वीं लाइब्रेरी का शुभारंभ जिलाधिकारी ने टनकपुर में नेहरू मार्केट में किया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को परीक्षा से संबंधित विभिन्न टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि जिएं पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी ने एक मुहिम चलाकर 18 से अधिक लाइब्रेरी खोली गई हैं, यह सराहनीय कार्य है, जिनमें यह कार्य स्थानीय लोगों के सहयोग से किया गया है। उन्होंने कहा कि ज्ञान एवं रोजगार को बढ़ाने में यह लाइब्रेरी मददगार होगी। लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वह नशे से दूर रहकर एक बेहतरीन भविष्य बनाएं,इस हेतु कड़ी मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करें। इसमें प्रशासन भी हर संभव मदद करेगा।
इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, सिटीजन लाइब्रेरी समिति के जिला समन्वयक पिंकि चौधरी,सामाजिक कार्यकर्ता रोहतास अग्रवाल, तहसील व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, सुबेदार मेजर दलीप सिंह महर, आदि लोग उपस्थित थे।





## परिवहन विभाग आगामी चार धाम यात्रा की तैयारियों में जुटा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में इस बार भी रिकार्ड तोड़ श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है। आगामी यात्रा के दौरान यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए परिवहन विभाग भी अपनी कमर कस चुका है।
आरटीओ अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि चार धाम यात्रा को लेकर लगातार उच्च स्तरीय बैठक की जा रही है। यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए परिवहन विभाग पूरी तरीके से तैयार है। ग्रीन कार्ड, ट्रिप कार्ड सर्विसेज ऑनलाइन है। उसकी बैक हैंड प्रीपरेशन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं लोकेशन | 13/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 दूसरी काल: मुरादाबाद मण्डल में आरपीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। |
| अनुमानित लागत (₹ में) | ₹1,68,00,148.80 (जीएसटी सहित) |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹ में) | ₹2,34,000/- |
| कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |
| कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | 6 (छः) माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | निविदायें दिनांक 27.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: 09/2024 दिनांक 05.03.2024 700/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
"सार्वजनिक अधिसूचना"
रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जायेगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | RKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के टोकरपुर स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1198/20 (ख: 1198/459.50) से स्थान 1199/28 (ख: 1199/778.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 1.319 (18.03.2024) |

25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय
"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"
जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के टोकरपुर स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1198/20 (ख: 1198/459.50) से स्थान 1199/28 (ख: 1199/778.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊंचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।
सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।
**अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं :**
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का खतरा।
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद
सं. 17-Elect/C/TRD/MB/124 दिनांक: 05.03.2024 692/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे बड़कोट, रोड शो को मिला यमुना घाटी का अभूतपूर्व समर्थन

**रोड शो**

**8 मुख्यमंत्री धामी बड़कोट हेलीपैड पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए हर आयु वर्ग के सैकड़ों लोग मौजूद थे।**





**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को यमुना घाटी के बड़कोट पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया। इसके बाद लाभार्थी सम्मान कार्यक्रम में उनसे संवाद कर लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान लोगों का भारी हुजूम उमड़ा रहा।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौने एक बजे बड़कोट हेलीपैड पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए हर आयु वर्ग के सैकड़ों लोग मौजूद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से पुराने तहसील होते हुए उनका रोड शो बड़कोट गांव स्थित रामलीला मैदान पहुंचा। रोड शो में हर आयु वर्ग के लोगों का भारी हुजूम मौजूद रहा।
मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से सीधे संवाद कर उनको सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा की ओर से बड़कोट के मुख्य बाजार में रोड शो के दौरान रैली निकाली गई। टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट से प्रत्याशी घोषित करने के बाद भाजपा ने यमुनोत्री से चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। भाजपा संगठन का इन दिनों जिले भर के गांव-गांव में लाभार्थी संवाद और संपर्क अभियान चल रहा है।मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, राज्य मंत्री राजकुमार, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद हैं।

# उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों में ऐसे कार्य हुए,जो लोग सोच भी नहीं सकतेः धामी

**समिट**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निवेशों को आकर्षित करने के लिए गार्जनशिप लेनी होगी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से बहुत लगाव है। उन्होंने अनेक अवसरों पर कहा है कि उनका उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। पिछले 10 वर्षों में राज्य में कई ऐसे कार्य हुए हैं, जिनके बारे में हम सोचते भी नहीं थे। सरकार की दूरगामी सोच और इच्छाशक्ति से देवभूमि पर विकास की बयार बहेगी ही, उद्योग जगत को उड़ान मिलने से रोजगार भी बढ़ेंगे।
देवभूमि को उद्योग की भूमि बनाएगी सरकार-
देहरादून में मंगलवार को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशों को आकर्षित करने के लिए गार्जनशिप लेनी होगी। निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बिजली, सड़क, हवाई कनेक्टिविटी और रेल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। अभी 20 प्रतिशत निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हुई है, जिसे हमें शत-प्रतिशत करना है। देवभूमि को उद्योग की भूमि बनाने के लिए हम काम करेंगे, यह हमारा संकल्प है। राज्य सरकार का संकल्प है कि पूरे प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार किया जाए। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रयास चल रहे हैं।
विश्वास के साथ बढ़ रहा व्यापार-
धामी बोले, उद्योग के क्षेत्र में मिली उपलब्धि हमें प्रोत्साहित करने वाली है जिस पर हमें आगे बढ़ना है। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प पर राज्य सरकार काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 50 करोड़ के जुमार्ने को माफ करने का मामले पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया दो सप्ताह का समय

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी का अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न स्टोन क्रशरों के अवैध खनन और भंडारण के लिए लगाए गए करीब 50 करोड़ जुमार्ने को माफ कर देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य सरकार दो सप्ताह में अपना जवाब प्रस्तुत करे।
इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 01 अप्रैल की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता चोरलगिया नैनीताल निवासी भुवन पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2016 -17 में नैनीताल के तत्कालीन जिलाधिकारी के द्वारा कई स्टोन क्रशरों का अवैध खनन व भंडारण का जुमार्ना करीब 50 करोड़ रुपये माफ कर दिया।

### एचडीएफसी बैंक ने उत्तराखंड में एक्सप्रेसवे टू-व्हीलर मेगा लोन मेला किया लॉन्च

**हल्द्वानी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने 6 मार्च, 2024 से 7 मार्च, 2024 तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक्सप्रेसवे दोपहिया मेगा लोन मेले की घोषणा की है। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से 750 से अधिक शाखाओं से भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा, बैंक ने प्रमुख दोपहिया डीलरों को बैंक की शाखाओं में अपनी नवीनतम दोपहिया पेशकश प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहल दोपहिया डीलरों और बैंक के बीच शाखाओं में मौके पर ही ऋण मंजूरी प्रदान करने के लिए कारगर साबित होगा। यह ग्राहकों को टेस्ट राइड लेने और तुरंत खरीदारी का निर्णय लेने का अवसर भी प्रदान करेगा क्योंकि बैंक मौके पर ही अन्य सहायक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ निर्बाध ऋण प्रसंस्करण की सुविधा प्रदान करेगा। एचडीएफसी बैंक कई नई शाखाओं के साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में तेजी से अपना विस्तार कर रहा है, जिसका लाभ इन राज्यों में बैंक के दोपहिया ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उठाया जाएगा। राष्ट्रीय ऋण पुस्तिका के साथ 31 दिसंबर, 2023 तक 11,300 करोड़ रुपये का दोपहिया ऋण बैंक के लिए सबसे तेजी से बढ़ते खुदरा अग्रिम पोर्टफोलियो में से एक है। 31 दिसंबर, 2023 तक, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में बैंक का वितरण नेटवर्क 88 शहरों/कस्बों में 913 शाखाओं और 1292 एटीएम (सीआरएम सहित) पर था।

### एचडीएफसी बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सेल के साथ समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

**देहरादून।** एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, सेल के 60,000 से अधिक ऑन-रोल और 65,000 संविदा (कॉन्ट्रैक्ट आधार पर कार्यरत) कर्मचारियों को अब एचडीएफसी बैंक के कॉर्पोरेट वेतन खाते (सीएसए) में जाने का अवसर मिला है। इस कदम से सेल के कर्मचारियों को खाते के हिस्से के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से काफी लाभ होगा। सेल भारत में सबसे बड़ी इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के महारत्नों में से एक है। मनोज मेहता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और जोनल हैड, ईबीएफएस, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हम 1,20,000 मजबूत कर्मचारी-आधार की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर हैं। उन्हें बेहतर और पहले से बेहतर एवं विविधितापूर्ण अनुभव का लाभ मिलेगा क्योंकि वेतन खाते से जुड़े लाभ विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।श्श एमओयू पर प्रवीण निगम - ईडी एफ एंड ए, सेल और मनोज मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जोनल हेड ईबीएफएस, एचडीएफसी बैंक ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में मानस रंजन रथ- सीजीएम एचआर, सेल, माधवी वशिष्ठ-जीएम फाइनेंस, आशुतोष कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रमुख पीएसयू, एचडीएफसी बैंक, मयंक श्रीवास्तव राष्ट्रीय खाता प्रबंधक - पीएसयू, एचडीएफसी बैंक, यतिन सहगल क्लस्टर प्रमुख, एचडीएफसी बैंक, आशुतोष सिन्हा - क्षेत्र अधिग्रहण प्रमुख, एचडीएफसी बैंक और राधिका सिन्हा - आरएम पीएसयू (कॉर्पोरेट बैंकिंग समूह), एचडीएफसी बैंक उपस्थित थे।

## रोजगार मेले में सैकड़ों छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एसजीआरआरयू) में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में फार्मास्यूटिकल, आई.टी., मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, ऑटोमाबाइल, रियल इस्टेट, एल एण्ड टी, टाइम्स ऑफ इण्डिया, पतंजलि, हाइक एजुकेशन सहित 25 कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट किया। छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।
मंगलवार को एसजीआरआर विश्वविद्यालय के पटेल नगर कैंपस में रोजगार मेले का शुभारंभ कुलपति डॉ यशबीर दीवान व कुलसचिव डॉ.अजय कुमार खण्डूडी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# झूलते तारों, खोदी सड़क से हो रही परेशानी को ठीक करें : डीएम दीक्षित

**समीक्षा**

**8 इस दौरान डीएम ने तहसील में चल रही रहे विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा भी की।**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
तहसील दिवस में झूलते तारों व सीवर के लिए खोदी गई सड़कों के कारण जनता को हो रही परेशानी का निस्तारण करने के निर्देश डीएम ने अधिकारियों को देते हुए कहा कि शिकायतों पर समय से कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान डीएम ने तहसील में चल रही रहे विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा भी की।




मंगलवार को नरेंद्रनगर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में पहुंचकर डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुना। तहसील दिवस में ग्राम लग्गा पटेल धारकोट पट्टी से आए मोहन सिंह ने शिकायत कर कहा कि पुश्तैनी रास्ते पर आवाजाही को रोका जा रहा है। इस पर डीएम ने पटवारी को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।
तपोवन ऋषिकेश निवासी नरेश चंद्र बौठियाल ने पानी कनेक्शन न मिलने को लेकर शिकायत की। ढालवाला निवासी रणवीर चमोली ने सीवर लाइन से लिए खोदी गई सड़कों के कारण आम लोगों हो हो रही परेशानी की शिकायत की। इस पर डीएम ने नगर पालिका ढालवाला के अधिकारियों को निर्देश दिए की जनता की परेशानी को कम करने का काम करें। क्षेत्र में झूलते बिजली के तार व झुके हुए पोलों की शिकायत पर डीएम ने उर्जा निगम के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिससे कोई अप्रिय घटना की संभावना न रहे।
तहसील दिवस में डीएम ने कृषि, उरेड़ा, पशुपालन, यूपीसीएल, खेल विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों से विभाग की वर्तमान योजनाओं की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को मशरूम की खेती और उसकी प्रोडक्टिविटी पर ज्यादा फोकस रखने को कहा। पशुपालन विभाग को पोल्ट्री वैली पर काम करने की सलाह दी। डीएम ने खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देते हुए खेल अधिकारी को क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल के अलावा अन्य खेलों में टीटी, टेनिस व कैरम को भी बढ़ावा देने को कहा।
खेल कैंप नई टिहरी में लगाने के भी निर्देश दिए।

# दिव्यांगों के किए जा रहे काम सराहनीय

**वितरित**

**8 भारत सरकार की एडिप योजना के तहत राड्स ने दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरित किए।**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति (राड्स) रानीचौरी की पहल पर भिलंगना ब्लॉक मुख्यालय में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर 40 दिव्यांगों को व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन, छड़ी और चश्मे वितरित किए गए। दिव्यांगों ने सहायक उपकरण मिलने पर समिति का आभार जताया।
शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भिलंगना ब्लाक प्रमुख बसुमति घणाता, बीडीओ अर्जुन सिंह रावत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष हयात कंडारी व्यापार मंडल अध्यक्ष डा. नरेंद्र डंगवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता राड्स संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट ने की।
प्रमुख बसुमति ने कहा कि समिति के दिव्यांगों के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम सराहनीय हैं। भारत सरकार की एडिप योजना के तहत राड्स ने दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरित किए।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस, पैरामिलिट्री ने किया फ्लैग मार्च

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने और आम जनता को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से चमोली पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स और प्रशासन ने चमोली जिले के थराली थाना क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया गया।
चुनावों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव के निर्देशन में थाना थराली पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स और प्रशासन ने संयुक्त रुप से थराली, नारायणबगड़ एवं देवाल क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया गया।

# वन पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाये जाने की उठी मांग



**कार्यशाला**

**8 चमोली जिले देवाल विकास खंड में मंगलवार को वन सरपंचों का कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले देवाल विकास खंड में मंगलवार को वन सरपंचों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वनों और वन्यजीवों को आग से बचाने, सरपंचों को मानदेय देने के साथ ही वन पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।
कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सरपंच गणेश मिश्रा ने कहा कि वन पंचायत सरपंचों को अपने अधिकारो के साथ कर्तव्यों का भी बखुबी निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ों को लगाने और उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लेना होंगा। वन क्षेत्राधिकारी अखलेश भट्ट ने कहा कि वनों को आग से बचाने की आवश्यकता है। आग के कारण हर साल लाखों रुपये की वन संपदा नष्ट होने के साथ ही पर्यावरण पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है।
वन सरपंचों ने कार्यशाला के माध्यम से अपनी समस्याओं को रखा। इसमें वन सरपंचों को मानदेय, उत्तराखंड सलाहकार परिषद् का गठन करने, वन पंचायतों में उगने वाली वन सम्पदा का राजस्व सरपंचों को दिये जाने, वन पंचायत चुनाव प्रणाली में सुधार कर पंचायतों की तरह चुनाव करवाए जाय, उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन पंचायत को पुरस्कृत करने की मांग उठाई है।
वन पंचायत परामर्शदात्री समिमि के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद राम सोनी ने कहा कि वन पंचायत सरपंचों के अधिकार समित है। जिससे वन पंचायतों का विकास नहीं हो पा रहा है। वन पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाया जाए।
इस मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक प्रमोद नेगी, सहायक विकास अधिकारी वन बहादुर सिंह नाथ, हरीश पांडे, पूर्व तहसीलदार जयवीर वधाणी, बख्तावर सिंह, मनोज कुमार, राजेंद्र गडिया, अशोक कुमार, बलवंत सिंह, राम सिंह कोटड़ी, हेम चन्द्र मिश्र, दलवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# टिहरी में भाजपा महिला मोर्चा ने पदयात्रा निकाली

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद मुख्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा ने बौराड़ी से गीता भवन तक पद यात्रा का आयोजन कर अब की बार भाजपा को 400 पार करने की अपील जनता से की। पद यात्रा के दौरान पीएम मोदी के पक्ष में जमकर नारेबाजी भी की गई।
मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय पर भाजपा के पक्ष में पदयात्रा का आयोजन किया। भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने पदयात्रा बौराड़ी से होते हुए मुख्य मार्गों को पार करते हुए गीता भवन तक निकाली। पदयात्रा की शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने और उत्तराखंड को देश का सबसे बेहतर राज्य बनाने के लिए पीएम मोदी जरूरी हैं। देश के लोग इस बात को समझ गये हैं। इसलिए इस बार भाजपा 400 पार करेगी।



जिसमें देश प्रदेश व टिहरी की जनता का भी अपार सहयोग मिलेगा। नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश में ऐतिहासिक होंगे। दावा किया कि चुनाव में भाजपा रिकार्ड तोड़ जीत हासिल करेगी।
पदयात्रा में भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत, ब्लाक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख आनंदी नेगी, नीलम विष्ट, विमला खड़का, उर्मिला राणा, सरस्वती नेगी, लीला मखलोगा, हेमलता भट्ट, अंबिका मैठाणी, पूनम घिल्डियाल, प्रर्मिला भट्ट सहित दर्जनों मौजूद रहे।

# संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में फूंका पुतला

**विरोध**

**8 मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका तथा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को गोपेश्वर महाविद्यालय के गेट पर पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका तथा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।
एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री विपिन कंडारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के उत्तर चैबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार की ओर से संरक्षित अपराधियों की ओर से की जा रही है। अभाविप मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत है और इसकी भर्त्सना करती है।
विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई सामने आयी है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की ओर से हिन्दू घरों से जबरन नाबालिग और महिलाओं को चिह्नित कर उनका अपहरण कर अत्याचार, दुराचार करने के कई जघन्य मामले सामने आये हैं। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं और अपने ऊपर हो रहे अत्याचार से तंग आकर कई परिवार संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हैं।
उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण से वर्षों के शारीरिक एवं मानसिक शोषण से तंग आकर संदेशखाली की हजारों महिलाएं आज राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की ओर से संदेशखाली की महिलाओं का शोषण हो रहा है और राज्य की पुलिस उचित कानूनी कार्रवाई करने में विफल रही है। इसलिए अभाविप ने राष्ट्रपति से मांग की मांग है कि इन महिलाओं को न्याय दिलाने में हस्तक्षेप करते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।
इस मौके पर विपिन कंडारी, दीपक बिष्ट, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष गौड, अमित ठाकुर आदि मौजूद थे।

# मोदी जी के नेतृत्व में नशामुक्त भारत का सपना हो रहा है साकारः शाह

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को ड्रग्स के कारोबार और उसके खतरे से निपटने में मोदी सरकार की सफलता के बारे में तीन वीडियो जारी किए। मोदी सरकार देश में ड्रग्स के डिटेक्शन, नेटवर्क का विनाश, दोषियों के डिटेंशन और नशे की लत के शिकार लोगों के पुनर्वास के माध्यम से नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों को महानतम सौगात है।
आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कठोर अप्रोच और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में नशे के कारोबार पर लगाम कसने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, जिसके कारण गिरफ्तारियों की संख्या और जब्त की जाने वाली ड्रग्स की मात्रा में वृद्धि हुई है। शाह की सशक्त नीतियों के कारण आज सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सामंजस्य से देशभर में एक सशक्त एंटी-नारकोटिक्स तंत्र का निर्माण हुआ है और इस रणनीति से पकड़े जाने वाली ड्रग्स के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में ड्रग्स के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए गृह मंत्रालय की ओर से किए गए बहुआयामी प्रयासों के कारण जब्त किए गए नशीले पदार्थों की मात्रा में लगभग 100% की वृद्धि हुई और इसका कारोबार करने वालों के खिलाफ दर्ज मामलों में 152% की वृद्धि हुई है। आँकड़ों के मुताबिक साल 2006 से 2013 की अवधि के दौरान दर्ज मामलों की संख्या 1,257 थी, जो साल 2014-2023 के दौरान 3 गुना बढ़कर 3,755 हो गई।

## संपादकीय

# त्रिशंकु आचरण की विसंगतियां

**वर्तमान** में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि का सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व



डॉ. सौरभ मालवीय

"महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। माना जाता है कि इस रात्रि ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की आंतरिक ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है। मान्यता है कि यह ऊर्जा मनुष्य को आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। इसलिए इस रात्रि में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का अत्यंत महत्त्व है। पूजा के समय भक्त सीधा बैठता है तथा उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है। इसके कारण उसकी ऊर्जा उसके मस्तिष्क की ओर जाती है। इससे उसे शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति भी प्राप्त होती है। भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय है। यह मंत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मंत्र का संबंध पंच महाभूतों भूमि, गगन, वायु अग्नि एवं नीर से माना जाता है"

**पर्व** एवं त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। ये केवल हर्ष एवं उल्लास का माध्यम नहीं हैं, अपितु यह भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं। इनके माध्यम से ही हमें अपनी गौरवशाली प्राचीन संस्कृति के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि भी संस्कृति के संवाहक का ऐसा ही एक बड़ा त्योहार है। शिवरात्रि प्रत्येक मास की अमावस्या से एक दिन पूर्व अर्थात कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है, जबकि महाशिवरात्रि वर्ष में एक बार आती है। यह फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। शिव पुराण की ईशान संहिता में कहा गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए थे-

**फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि। शिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः॥**

माना जाता है कि इसी दिन प्रलय आएगा, जब प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तृतीय नेत्र की ज्वाला से नष्ट कर देंगे। इसीलिए शिवरात्रि को कालरात्रि भी कहा जाता है।

**सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्त्व**

महाशिवरात्रि धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। महाशिवरात्रि के सन्दर्भ में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार अग्निलिंग के उदय के साथ इसी दिन सृष्टि प्रारंभ हुई थी। एक पौराणिक कथा के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान शिव सर्वप्रथम शिवलिंग के स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिवस को भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के प्रकाट्य पर्व को प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव का देवी पार्वती के साथ विवाह सम्पन्न हुआ था। यह उनके विवाह की रात्रि है। उन्होंने वैराग्य त्याग कर गृहस्थ जीवन अ पना लिया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था। इससे उनका कंठ नीला हो गया था। इसीलिए उन्हें नीलकंठ नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि इस घातक विष के कारण भगवान शिव को ताप चढ़ गया था। इसे उतारने के लिए उनके मस्तक पर बेल पत्र रखा गया, क्योंकि बेल पत्र शीतल गुण वाला होता है। इससे उन्हें संतुष्टि प्राप्त हुई। तभी से शिवलिंग पर बेल पत्र चढ़ाने की परंपरा आरंभ हुई। एक कथा के अनुसार इस रात्रि भगवान शिव ने संरक्षण एवं विनाश के नृत्य का सृजन किया था। इसलिए भी यह रात्रि विशेष है।

**महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक महत्त्व**

महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। माना जाता है कि इस रात्रि ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की आंतरिक ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है। मान्यता है कि यह ऊर्जा मनुष्य को आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। इसलिए इस रात्रि में भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने का अत्यंत महत्त्व है। पूजा के समय भक्त सीधा बैठता है तथा उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है। इसके कारण उसकी ऊर्जा उसके मस्तिष्क की ओर जाती है। इससे उसे शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति भी प्राप्त होती है। भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय है। यह मंत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मंत्र का संबंध पंच महाभूतों भूमि, गगन, वायु अग्नि एवं नीर से माना जाता है। इस मंत्र का निरंतर जाप करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। इससे मनुष्य का आत्मबल बढ़ता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने से वे प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। शिवरात्रि का महोत्सव एक दिवस पूर्व ही प्रारंभ हो जाता है। भगवान शिव के मंदिरों में रात्रि भर पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त रात्रिभर जागरण करते हैं एवं सूर्योदय के समय पवित्र स्थलों पर स्नान करते हैं। नदी तटों विशेष कर गंगा के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। स्नान के पश्चात भगवान शिव के मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त शिवलिंग की परिक्रमा करते हैं। तत्पश्चात भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। शिवलिंग का जलाभिषेक अथवा दुग्धाभिषेक भी किया जाता है। शिवलिंग पर जल से जो अभिषेक जाता है, उसे जलाभिषेक कहा जाता है। इसी प्रकार शिवलिंग पर दुग्ध से जो अभिषेक किया जाता है, उसे दुग्धाभिषेक कहा जाता है। मधु से भी शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इसके अतिरिक्त शिवलिंग पर सिंदूर लगाया जाता है एवं सुगंधित धूप जलाई जाती है। दीपक भी जलाया जाता है। उस पर फल, अन्न एवं धन चढ़ाया जाता है। उस पर बेल पत्र एवं पान के पत्ते चढ़ाए जाते हैं। इनके अतिरिक्त वे वस्तुएं भी भगवान शिव को चढ़ाई जाती हैं, जो उन्हें प्रिय हैं। इनमें धतूरा एवं धतूरे के पुष्प सम्मिलित हैं। मुक्तिदायिनी गंगा के जल का भी विशेष महत्व है, क्योंकि गंगा देवलोक से सीधी भगवान शिव की जटा पर ही उतरी थी। इसके पश्चात ही वह पृथ्वी लोक में उतरी एवं प्रवाहित हुई। इसलिए सभी नदियों में गंगा का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। भक्तजन महाशिवरात्रि के दिन उपवास भी रखते हैं। कुछ लोग निर्जल रहकर भी उपवास करते हैं। उपवास से तन एवं मन दोनों ही शुद्ध होते हैं। शुद्ध मन में ही तो भगवान वास करते हैं। कई स्थानों पर भगवान शिव की बारात भी निकाली जाती है। इसमें कलाकार शिव एवं पार्वती का रूप धारण करते हैं। बारात में सम्मलित लोग शरीर पर भस्म लगाए हुए होते हैं। वे नाचते गाते हुए शिव एवं पार्वती के रथ के पीछे चल रहे होते हैं। भक्तजन इसमें भाग लेते हैं।

**महिलाओं के लिए विशेष है शिवरात्रि**

शिवरात्रि का महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। विवाहित महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की दीघार्यु एवं सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां भगवान शिव से अपने लिए सुयोग्य वर मांगती हैं। भगवान शिव को आदर्श पति के रूप में माना जाता है। इसलिए युवतियां सुयोग्य वर के लिए सोलह सोमवार का व्रत भी करती हैं। मान्यता है कि सोलह सोमवार का व्रत करने से सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है।

**भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगः** महाशिवरात्रि पर ज्योतिर्लिंग पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग हैं अर्थात प्रकाश के लिंग हैं। ये स्वयम्भू के रूप में जाने जाते हैं, जिसका अर्थ है स्वयं उत्पन्न। ये बारह स्थानों पर ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। इनमें उत्तराखंड में हिमालय का दुर्गम केदारनाथ ज्योतिर्लिंग, उत्तर प्रदेश के ही काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग, बिहार के बैद्यनाथ धाम में स्थापित शिवलिंग, गुजरात के काठियावाड़ में स्थापित सोमनाथ शिवलिंग, मध्यप्रदेश के उज्जैन के अवंति नगर में स्थापित महाकालेश्वर शिवलिंग, मध्यप्रदेश के ही ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थापित ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात के द्वारकाधाम के निकट स्थापित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र की भीमा नदी के किनारे स्थापित भीमशंकर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र के नासिक के समीप त्र्यंम्बकेश्वर में स्थापित ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र के ही औरंगाबाद जिले में एलोरा गुफा के समीप वेसल गांव में स्थापित घुमेश्वर ज्योतिर्लिंग, चेन्नई में कृष्णा नदी के किनारे पर्वत पर स्थापित श्री शैल मल्लिकार्जुन शिवलिंग एवं चेन्नई में ही रामेश्वरम त्रिचनापल्ली समुद्र तट पर भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग सम्मिलित हैं। शिवरात्रि एवं महाशिवरात्रि आर यहां भक्तजनों का तांता लग जाता है। वे ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके आध्यात्मिक लाभ अर्थात पुण्य प्राप्त करते हैं।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत के सर्वोच्च न्याया**लय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है। सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है।

हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी।

## विचार

# आधुनिक वैज्ञानिक युग में महाशिवरात्रि का महत्व

**भारतीय** संस्कृति में शिव की महिमा अनंत है। सनातन धर्म के बहुतेरे धार्मिक ग्रंथ आपकी महिमा की अलग-अलग तरीके से व्याख्या करते हैं। वस्तुतः शिव की महिमा को जानना, पूरी तरह से समझना और उसका संपूर्ण वर्णन करना असंभव है। शिव देवों में महादेव हैं और हर सनातनियों के अराध्य हैं। शिव का हर रूप मानव के लिये आनंद पूर्वक जीवन जीने की कला का उदाहरण है। शिव के गुणों को जानने का तथा शिवत्व को पहचानने के साथ शिवमय होने का दिन शिवरात्रि है। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन की रात्रि को भगवान शिव के निराकार से साकार रूप में अवतरित होने, लिंगरुप में प्रकट होने, सृष्टि को हलाहल विष से बचाने तथा महादेव और देवी पार्वती की विवाह वार्षिकी के रूप में हर्ष, उल्लास, उमंग, जोश के साथ तथा जप, तप, नियम, व्रत, धर्म से मनाने का प्रावधान है। शिव की विवाह वार्षिकी प्रत्येक मानव को यह संदेश देती है कि विवाह एक ऐसा पवित्र संस्कार है, बंधन है जिसमें स्त्री -पुरुष एक दूसरे के सुख- दुःख के साथी बनकर सृजन का हेतु बनते हैं। विज्ञान भी यही कहता है कि सृजन (संतानोत्पत्ति) में दोनों की बराबर की भागीदारी है। संतान का लालन-पालन भी तभी अच्छा होता है जब दोनों ही अपनी भूमिका, जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व को ठीक ढंग से समझें और उसका निर्वहन करें। शिव का अर्धनारीश्वर स्वरूप भी स्त्री -पुरुष को एक-दूसरे का पूरक मानते हुए, पारस्परिकता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए, समदायित्व,समअधिकार की बात करता है, लैंगिक समानता पर जोर देता है तथा परिवार के महत्त्व को प्रतिपादित करता है। वे बच्चों को सीख देते हैं कि इस संसार में माता-पिता को सबसे से ऊपर मानते हुए उन्हें आदर और सम्मान देना तथा सुखी रखना प्रत्येक पुत्र/पुत्री का प्रथम दायित्व है। तभी तो आपने अपने छोटी संतान श्रीगणेश द्वारा शिव-पार्वती की तीन परिक्रमा को तीनों लोकों की परिक्रमा के बराबर माना। इस प्रसंग के माध्यम से आपने एक विशिष्ट संदेश भी दिया कि व्यक्ति को दिये गये कार्य को सम्पादित करते समय अपनी बुद्धि और विवेक का उपयोग अवश्य करना चाहिए। ऐसा करके व्यक्ति नवाचार के साथ श्रम और समय दोनों की बचत कर सकता है साथ ही जब श्रेष्ठ चयन की बात सामने आये तो उम्र के स्थान पर बुद्धि और ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। भगवान शिव ने शिवरात्रि के दिन ही अमृत मंथन प्रक्रिया के दौरान निकले हलाहल विष को संसार की रक्षा के लिए ग्रहण कर गले में रोक लिया और नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह संदेश देती है जो समर्थ है, सर्वोच्च स्तर पर विराजमान हैं,

अपने आपको को प्रजा के पालनहार समझते हैं- उन्हें सामाजिक उत्थान के लिए, देश की प्रगति के लिए, राष्ट्र की सुरक्षा के लिए विष रुपी अपमान और अपशब्द को भी यदि सुनना पड़े तो भी बिना विचलित हुए उनका सामना करना चाहिए। शिव कल्याणकारी है इसलिए उनका संदेश है कि प्रत्येक मानव को अपनी क्षमता और संसाधन के अनुकूल जरूरतमंद लोगों के कल्याण हेतु कार्य करते रहना चाहिए। महादेव समभाव, सामाजिक समरसता की बात करते हैं तथा स्वयं समदृष्टा भी हैं। इन तीनों का आज के युग में प्रत्येक मानव के आचरण और व्यवहार में होना देश की उन्नति और प्रगति के लिए आवश्यक है। इसीलिए भगवान शिव के प्रमुख भक्तों में राक्षस रावण है, देवता शनि है, और ऋषि कश्यप भी हैं।

गणों में भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र,चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय, विजय, पिशाच, दैत्य, नाग-नागिन, पशु आदि सम्मिलित हैं। वहीं भगवान विष्णु और ब्रह्मा भी शिवभक्त दिखाई देते हैं। पृथ्वी पर जन्मे दो ईश्वरीय अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण ने भी कार्यसिद्धि के लिए भगवान शिव की पूजा की थी ऐसा उल्लेख मिलता है। यह सिद्ध करता है जहां कार्यों का बंटवारा होता है, जहां कार्य और उन्हें करने वाले परिभाषित हैं, वहां कोई छोटा और बड़ा नहीं होता है अपितु समन्वय जरूरी होता है, लक्ष्य हासिल करना महत्वपूर्ण है। भगवान शिव का निवास कैलाश पर्वत को माना जाता है । पर्वत प्रकृति के अंग हैं। जो मनुष्य को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व के साथ जीवन जीने की सलाह देता है।सह अस्तित्व सभी जीवों (पेड़-पौधे, जीव-जन्तु) के फलने फूलने के साथ प्राकृतिक संतुलन के महत्व को भी प्रतिपादित करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**

**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गंभीर मामला है बेंगलुरु के कैफे में धमाका

**राजेश माहेश्वरी**

**कर्नाटक** विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी का बवाल थमा भी नहीं था कि बीती 1 मार्च की दोपहर धमाके की आवाज से भारत की सिलिकॉन वैली बेंगलुरु में प्रसिद्ध रामेश्वरम कैफे गूंज उठा। ये धमाके एक ऐसे इलाके में हुए हैं जिसे बेंगलुरु के आईटी हब के रूप में जाना जाता है। आईटी क्षेत्र में काम करने वाले युवा इस जगह पर खाने-पीने के लिए आते हैं। इस विस्फोट से बड़े पैमाने पर आग तो नहीं लगी, लेकिन कैफे के वॉश बेसिन वाले एरिया में काफी धुंआ पैदा हुआ. इसके बाद वहां पर कीलें और नट बोल्ट बिखरे हुए पाए गए.पूर्वी बेंगलुरु में स्थित इस कैफे में हमेशा हलचल रहती है। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में लौट आया है आतंकवाद? ऐसे धमाकों से विदेश में भारत की छवि कौन धूमिल करना चाहता है। बेंगलुरु पुलिस के साथ-साथ एनआईए और एनएसजी, इन सभी सवालों के साथ जांच में जुट गई हैं। ये सवाल इसलिए क्योंकि नवंबर 2022 से मंगलुरू में हुए एक धमाके के बाद से जांच एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसियों ने कई खुलासे किए थे। शुरूआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवतः आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। कैफे में हुए धमाके के बाद कर्नाटक में सियासत गर्म है।

जांच एजेंसियां कई एंगल से जांच शुरू कर दी है। होटल, रेस्तरां और खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के आसान लक्ष्य होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। मंगलुरु में, नवंबर 2022 में एक प्रेशर कुकर के अंदर रखी एक आईईडी में उस समय विस्फोट हो गया, जब इसे एक ऑटो रिक्शा से ले जाया जा रहा था। घटना की जांच से पता चला था कि आईईडी को कादरी मंजुनाथ मंदिर में लगाया जाना था।

# तू मैं और करप्शन-

**एडवोकेट किशन**

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अनुमानतः अप्रैल से मई 2024 तक 7-9 चरणों में लोकसभा चुनाव होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, मेरा ऐसा मानना इसलिए भी है कि अभी माननीय पीएम 9 दिनों में 12 राज्यों की करीब 341 सीटों पर अपने संबोधन के दौरे पर हैं, वैसे भी पिछले दिनों से उन सीटों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो हाथ से फिसल गई थी। स्वाभाविक है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना उसके बाद ही जारी की जाएगी परंतु जिस तरह से पिछले दो दिनों से पक्ष विपक्ष में जोरदार शाब्दिक बाणों का प्रहार हो रहा है उससे सटीक अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनावी मौसम आ गया है और अपने ऊंचाई वाले स्तर पर जा रहा है।

चुंकि विपक्ष ने पक्ष के नेता पर परिवार को लेकर तंज कसा है, सो उन्होंने लपक लिया और पूरे भारत को अपना परिवार बता दिया और फिर भ्रष्टाचार को लेकर भी शाब्दिक बाचा-बाची शुरू हो गई है।अभी 2 दिन पहले ही माननीय पीएम ने तो तू मैं और करप्शन एक राज्य के लिए, तो दूसरे के लिए जमकर खाओ की बातें कहीं, तो, 04 मार्च 2024 को एक राज्य में फाइल दबाव नोटों की गड्डियां पांओ की बात कही तो दूसरे दूसरी ओर 4 मार्च 2024 को ही देर शाम जानकारी आई के सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संवैधानिक बेंच ने सर्वसम्मति से वोट फॉर नोट और सांसद व विधायकों नेताओं को इस मामले में छूट से इनकार करने का ऐतिहासिक फैसला दिया तो, उधर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने इलेक्ट्रॉन बॉन्ड की जानकारी सुप्रीम कोर्ट में देने की अंतिम तिथि 6 मार्च से बढ़कर 30 जून 2024 की अपील दाखिल की है जिसे विपक्ष ने लपक लिया है और विपक्ष नेता ने कहा दाल में कुछ काला ही नहीं पूरी दाल ही काली है। बता दें कि इस डिजिटल युग में एक क्लिक पर बैंक की सारी जानकारी खाताधारकों व सरकारी एजेंसियों को मिल जाती है तो एसबीआई द्वारा इलेक्ट्रोल बॉन्ड की जानकारी में इतना समय क्यों मांग लिया है, यह बात मेरे खुद की समझ से भी परे है क्योंकि तब तक तो इलेक्शन भी निपट जाएंगे तो जनता को कैसे पता चलेगा कि किस पार्टी ने कितना पैसा एसबीआई इलेक्ट्रॉन बॉन्ड के तहत उठाया है।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक कालोनी में हुई भोलेबाबा की जय-जयकार



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेवा सदन शिव मंदिर न्यू प्रेम नगर की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज शहर में धूमधाम से भोले बाबा की प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्रभातफेरी बैंक कालोनी में पहुंची, जहां प्रभातफेरी का नागपाल निवास पर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री प्रमोद नागपाल ने अपने पूरे परिवार सहित भोले बाबा की आरती की और मत्था टेक आशीर्वाद लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर प्रभातफेरी का स्वागत किया। भजन मंडली ने बाबा तेरा शुक्रिया है, भोले बाबा की कृपा है, आदि भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की महिमा अनंत और अपार है। उनकी महिमा का गायन कोई नहीं कर सकता।

### अमृतधारी सिख नौजवानों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले पुत्र और लाडली धी अवार्ड से किया सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरुद्वारा** रोड़ी साहेब निसिंग में आयोजित गुरमत समागम में आज 12 से 15 वर्ष के सिख युवकों व युवतियों को गुरु गोबिंद सिंह का लाडला पुतर व धी होने का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया व साथ ही गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले परिवारों को भी सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें संत बाबा अमीर सिंह जवद्धी कलाँ, संत गुरविंदर सिंह मांडी साहेब, बाबा जोगिंदर सिंह गुरदासपुर, प्रधान सुखवंत सिंह निसिंग के हाथों से प्राप्त हुए।

सचखंड वासी संत विरसा सिंह गोबिंद सदन वालों के निसिंग आगमन की याद में आयोजित गुरमत समागम के दौरान इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ये अवार्ड दिए गए। फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि जिस प्रकार किसी भी स्कूल, विद्यालय अथवा विश्विद्यालय की पढ़ाई तभी पूरी मानी जाती है, जब उसका सर्टिफिकेट या डिग्री प्राप्त होती है। इसी प्रकार अमृत छकने के बाद मिले पाँच ककार सिखी की पढ़ाई करने के बाद मिले सर्टिफिकेट हैं।

उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 12 से 25 वर्ष की आयु के अमृतधारी सिख नौजवानों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले पुत्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इसी आयु वर्ग की अमृतधारी सिख लड़कियों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ली धी अवार्ड से नवाजा गया। माता-पिता व बच्चों सहित अमृत छकने वाले परिवार को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले परिवार के तौर पर सम्मान दिया गया।

इससे पूर्व गुरुद्वारा रोड़ी साहेब के हाल में गुरमत व संत समागम का आयोजन किया गया। बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा खालसा डाचर, हरियाणा सिख मिशन कुरुक्षेत्र, प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा रोड़ी साहेब निसिंग के सहयोग व गुरुद्वारा गोबिंद सदन दिल्ली के तत्वावधान में

आयोजित गुरमत समागम में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई समनदीप सिंह तान, प्रसिद्ध कथावाचक बाबा बंता सिंह मुंडा पिंड, कथा वाचक भाई सुखजीत सिंह घनहिया, ढाडी जत्था बीबी रूपिंद्र कौर धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर, भाई भगत सिंह कविशर, हजूरी रागी भाई दिलप्रीत सिंह व हेड ग्रंथी भाई होशियार सिंह ने गुरु जस, कीर्तन, कथा व इतिहास के साथ संगत को जोड़ा।

# लखपति दीदी महासम्मेलन आज



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला** प्रशासन की ओर से यहां नई अनाज मंडी में 6 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित किये जाने वाले राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाईव संबोधन को सुनने के लिये सभी इंतजाम कर लिये गये हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, करनाल के सांसद संजय भाटिया और घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने आज कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी के अनुसार राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन में राज्य भर से बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ अन्य नागरिक भाग लेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा पार्टी से जुड़े अन्य विधायक, सांसद भी इसमें भाग लेंगे। सुबह नौ बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी। कार्यक्रम नई अनाज मंडी में शैड के नीचे आयोजित किया जायेगा। लोगों के बैठने के लिये कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। शैड के दोनों ओर कुछ स्थान खुला रखा गया है ताकि अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने की स्थिति में वे वहां बैठ सकें। वीआईपी के अलावा मीडिया कर्मियों के बैठने की अलग से व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्य मंच पर 30 गुणा 12 फुट आकार की स्क्रीन लगाई गई है ताकि लोग प्रधानमंत्री का लाईव संबोधन सुन सकें। इसके अलावा दोनों ओर तीन-तीन छोटी स्क्रीन अलग से लगाई गई हैं ताकि पीछे बैठे लोगों को पीएम का संबोधन सुनने में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम स्थल पर दोनों ओर प्रदर्शनी लगाई जायेगी, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार वस्तुयें प्रदर्शित की जायेंगी। इसके लिये सभा स्थल के दोनों तरफ दस-दस स्टाल तैयार किये गये हैं। नगर निगम की ओर से 5 मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था की गई है। मंडी की सडकों की री-कारपेटिंग कर उन्हें चकाचक बनाया गया है। लोक संपर्क, सूचना एवं भाषा विभाग की ओर से सम्मेलन स्थल के अलावा आसपास की मुख्य सडकों, प्रवेश मार्ग पर सौ से अधिक हार्डिंग्स लगाये गये हैं। आधुनिक साउंड सिस्टम लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर एसएचजी ड्रॉन दीदी द्वारा ड्रॉन का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा तीन तकनीकि सत्र-लखपति लिवलीहुड प्लान, वित्तिय प्रबंधन, व्यवसाय विकास योजना एवं वैधानिक आवश्यकताएं आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्ति उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ सांसद, विधायक व नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाईव संबोधन सुनेंगे।

## सच्चा सुख निरोगी काया : दिनेश गुलाटी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बलदेव स्कूल में चलने वाली योग कक्षा को योग शेड सेक्टर-13 ग्रीन बेल्ट में स्थानांतरित कर दी गई। दिनेश गुलाटी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम के साथ सत्र की शुरूआत की गई। उसके बाद उसके बाद शिक्षक राजीव शर्मा और पूनम खन्ना ने आसनों का अभ्यास कराया। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार पूरे शरीर को टोन करने, वजन घटाने में मदद करने और मांसपेशियों तथा जोड़ों को मजबूती देने का सबसे बेहतर अभ्यास माना जाता है। पाचन तंत्र, नींद में सुधार लाने के साथ-साथ शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के लिए भी सूर्य नमस्कार योग को किया जा सकता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। इसलिए नित्य प्रति 10 मिनट या सिर्फ छह बार भी सूर्य नमस्कार करते हैं तो आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

## नियमित हुई चारों कालोनियों में स्ट्रीट लाइट के लिए लगेंगे आक्टागोनल पोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर** में अभी हाल में ही नियमित की गई चार कालोनियों में अब स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इससे अब इन कालोनियों की गलियों व सड़कों पर अंधेरा नहीं रहेगा। इसके नगर निगम ने प्लानिंग तैयार कर ली है। नगरपालिका जेई सचिन धीमान ने बताया कि नगरपालिका द्वारा पहले चरण के तहत इन कालोनियों में आक्टागोनल पोल लगाने के साथ-साथ बिजली की तारें भी लगाई जाएंगे। पोल लगने के बाद दूसरे चरण में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। प्रथम चरण के तहत कलोनियों में पोल व तारें बिछाने के लिए करीब 77 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसको लेकर नगरपालिका ने चोरों कालोनियों में अलग-अलग टेंडर जारी भी कर दिए हैं। शहर वार्ड 5 में हनुमान कालोनी, पंचवटी कालोनी, वार्ड 11 में बसंत विहार व वार्ड 17 में शिव कालानी की गलियों में पर रात होते ही अंधेरा पसर जाता है। इससे चोरी व लूटपाट की वारदात होने का ज्यादा खतरा बना रहता है।



इन कालोनियां के अनधिकृत होने की वजह से नगरपालिका द्वारा इनमें विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे थे। हाल ही मुख्यमंत्री ने जिन कालोनियों में नियमित किया था, उनमें गन्नौर की यह चारों कालोनियां भी शामिल थी। चोरों कालोनियों के नियमित होने के बाद इनमें विकास कार्य करवाने शुरू कर दिए हैं। नगरपालिका चोरों कालोनियों में कच्ची गलियों का पक्का करने का टेंडर लगा चुकी है।

## बैनर्जी क्लासिज करनाल के लक्षित का हुआ आरआईएमसी में चयन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में बैनर्जी क्लासिज की सफलता की श्रृंखला में एक और अध्याय आज उस समय जुड़ गया, जब यहां के 13 वर्षीय विद्यार्थी लक्षित ने राष्ट्रीय सैनिक कालेज आरआईएमसी की प्रवेश परीक्षा में नौवां रैंक प्राप्त किया। उसका राष्ट्रीय सैनिक कालेज आरआई एमसी में चयन हुआ। हरियाणा से एकमात्र विद्यार्थी लक्षित रहा। आरआई एमसी में प्रवेश के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा ली जाती हैं। इसमें देश भर से हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं, जिसका इस कालेज में प्रवेश मिला। लक्षित को साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षण मिहिर बैनर्जी ने दिया।

## भोले के भक्तों पर की गई अपार कृपा की कामना

**प्रारंभ**

8 प्रभातफेरी सेक्टर-7 में शिव भक्त कर्मचंद भाटिया के निवास से प्रारंभ हुई



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शिव प्रभातफेरी मंच की ओर से मंगलवार अलसुबह सेक्टर सात व सेक्टर 13 में निकाली प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने वातावरण को शिवमय बना दिया। आज प्रभातफेरी सेक्टर-7 में शिव भक्त कर्मचंद भाटिया के निवास से प्रारंभ हुई और सेक्टर-13 में शिव भक्त राकेश नागपाल के निवास पर विश्राम लिया।

जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। सेक्टरवासियों ने जगह-जगह पालकी पर माथा टेक प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि आठ मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। जिस उत्साह, निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ कर्णनगरी में भक्तों ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली प्रभातफेरी में भागीदारी की, भोलेनाथ उनकी सर्व मनोकामनाएं पूरी करेंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव दुखों को हरने वाले हैं। उनकी कामना है कि भोले के भक्तों के घर अन्न-धन्न से भरे रहें। उनके ऊपर सदैव सदैव शिव जी की अपार कृपा बनी रहे। इस अवसर पर नरेंद्र छाबड़ा, ऋषि, अनिल कथूरिया, अनिल भाटिया, अंजली भुटानी, सुनीता कथूरिया व शोभा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है : शमशेर सिंह नैन

### योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पतंजलि** योग समिति द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में योग शिविर में साधकों को शरीर को स्वस्थ रखने के योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।



योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग ने कहा कि प्राचीन काल से योग का विशेष महत्व रहा है। पशु-पक्षी में अपने

**छुटकारा**

8 नियमित योग और अभ्यास से पुरानी से पुरानी जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है

योग क्रियाओं से स्वस्थ्य रहते है। हम सभी को स्वस्थ्य तन और मन के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। नियमित योग और अभ्यास से पुरानी से पुरानी जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए हम सबको प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए।

इस अवसर पर सुरेंद्र नारंग, नरेश निझावन, पूनम निझावन, आशीष गुप्ता, मोनिका गुप्ता, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता,

गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथूरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

## खेत से ट्यूबवेल केबल चोरी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस के बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा सीमा देवी पत्नी कारज सिंह और कारज सिंह पुत्र स्व. अमरीक सिंह वासी माहवा जिला अमृतसर पंजाब को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराई गई ट्यूबवेल केबल बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी की रात को शिकायतकर्ता प्रदीप वासी जुंडला के खेत से चुराई गई बीस फीट ट्यूबवेल केबल और 26 जनवरी की रात को शिकायतकर्ता नफे सिंह वासी ऊंचा समाना के खेत से चोरीशुदा पचास फीट ट्यूबवेल केबल बरामद की गई। इस संबंध में दोनों मामलो में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत थाना सदर और थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि दोनों ने पैसों के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। जो कि पहले ही मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे में जेल में बंद हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नव ज्योति शिक्षा सदन में लगा स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नव** ज्योति शिक्षा सदन में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार शिविर भी लगाया गया। शिविर में आयुष विभाग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. रजनीश वर्मा, आयुर्वेद औषद्यालय से कमलेश कुमारी, योगाचार्या रितु व सरकारी आयुर्वेदिक औषद्यालय अहीर माजरा से चिकित्सक शामिल हुए। विद्यालय में करीब 200 विद्यार्थियों व अध्यापकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विद्यार्थियों व अध्यापकों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां भी दी गई। विद्यालय के निदेशक राजेंद्र कौशिक व प्राचार्या हिनू शर्मा ने



चिकित्सकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व योगा को उनके जीवन में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

## सतकुंभा उत्सव में परिषद के कलाकारों ने मचाया धमाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः 7 दिवसीय** सतकुंभा उत्सव में मंगलवार को चौथे दिन हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंकित शर्मा एवं पार्टी द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत गंगा जी के प्यार में गीत प्रस्तुति करके की। इसके बाद मनमोहक प्रस्तुतियां हरियाणवी लोक नृत्य खोडिया, देशां में देश हरियाणा, सर पर बंटा टोकनी, राजा की राजदुलारी सहित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश



स्वरूप शास्त्री जी ने कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं आयोजन समिति सदस्यों ने कलाकारों को सम्मानित किया। अहीर माजरा के राव परिवार की ओर से कन्याओं का पूजन करवाया गया। गांव अहीर माजरा के शमशेर यादव एवं उनकी पत्नी अनिता यादव ने अनंत भंडारे की सेवा की।

स्वामी कुलदीपानंद जी महाराज गांगाली, जींद, प्रेम दास महाराज पीपली खेड़ा गन्नौर ने आचार्य व्यास पवन देव चतुर्वेदी का स्वागत किया। पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज ने उत्सव में पहुंचे संतों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रामकथा सुनने के साथ ही शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुतियां डाली।

**रंगारंग**

8 प्रेम दास महाराज पीपली खेड़ा गन्नौर ने आचार्य व्यास पवन देव चतुर्वेदी का स्वागत किया

## सोनीपत-गन्नौर मार्ग पर राजलू गढ़ी में रेलवे अंडरब्रिज पर टीन शैड लगाने का काम शुरू

### बरसाती पानी के जलभराव रोकने के लिए प्रोफलेक्स कंपनी टीन शेड में वेटलेस व मजबूत सीट लगा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गन्नौर** सोनीपत मार्ग पर गांव राजलू गढी के समीप कंटेनर डिपों बड़ी में गई रेलवे लाईन क्रासिंग के लिए बनाए गए अंडरब्रिज के ऊपर टीन शैड लगाने का काम शुरू हो गया। निर्माण कार्य करवा रहे कंपनी के कर्मचारी के अनुसार टीन शैड एक सप्ताह में शेड का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। ज्ञात रहे कि बरसात के मौसम से पहले ही वाहन चालकों को अंडरब्रिज से गुजरने में परेशानी न आए इसके लिए टीन शैड लगाने का काम शुरू हो गया है। विभाग के अनुसार बरसात के मौसम से पहले ही टीन शैड लगाने का काम पूरा हो गया है।




**दिन के समय ही बंद रहेगा चार पहिया वाहनों का आवागमन बंदः** शेड के लगाने के कार्य के चलते गांव राजलू गढ़ी से गन्नौर आने वाले चार पहिया वाहनों के आवागमन पर निर्माण करने वाली एजेंसी ने सड़क मार्ग को गन्नौर गांव में बेरिकेट लगाकर बंद कर दिया है।

चार पहिया वाहनों का आवागमन केवल दिन के समय 8 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। इस दौरान दुपहिया वाहन चालक निकल सकेंगे और रात के समय बड़े वाहन भी अंडरब्रिज से निकल सकेंगे। काम करवा रहे एंजेसी कर्मचारी ने बताया कि एक दो दिन और दिन में बंद रहेगा। अब मशीन को अंडरब्रिज के बाहर वाली साइड में लगाकर टीन शैड लगाया जाएगा और वाहनों का आवागमन सुचारू हो जाएगा। **प्रोफलेक्स कंपनी टीन शेड में वेटलेस व मजबूत सीट लगा रही है : नीरज** शेड में कोरिया निर्मित ट्रसलैस सीट का उपयोग किया जा रहा है जो कि बहुत मजबूत है। प्रोफलेक्स कंपनी शेड लगाने का कार्य कर रही है। यह शीट वेटलेस है और मजबूत भी काफी है। ट्रसलेस शीट का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे ब्रिज के अंदर शेड के नीचे कबूतर आदि पक्षी नहीं बैठ सकते। शेड लगने के बाद अंडरब्रिज के अंदर बरसात का पानी नही जा पाएगा। एजेंसी कर्मचारी नीरज ने बताया कि टीन शेड की फिटिंग मशीनो से की जाएगी।

**सीट**

8 निर्माण कार्य करवा रहे कंपनी के कर्मचारी के अनुसार टीन शैड एक सप्ताह में शेड का कार्य पूरा कर लिया

## बच्चों ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

**वार्तालाप**

8 राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी बाल संरक्षण संस्थाओं से आए हुए बच्चों के साथ वार्तालाप की गई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजबाला मोर के नेतृत्व में बाल संरक्षण संस्थाओं में रह रहे बच्चों को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण के दौरान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी बाल संरक्षण संस्थाओं



से आए हुए बच्चों के साथ वातार्लाप की गई। बच्चों बच्चों द्वारा उन्हें यहां भ्रमण करने का अवसर प्रदान करने पर धन्यवाद प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश चानना, सदस्य निरुपमा सदर तथा संस्था के प्रबंधक भी मौजूद रहे।

# ग्लैमरस लुक के लिए

ग्लैमरस दिखने के लिए अपनी दिनचर्या और खान-पान पर ध्यान रखना पड़ता है। समय से सोने, जागने, स्नान, ध्यान करने, सदैव खुश रहने के प्रयास, अपने मिलने जुलने वाले को ख़ुशी प्रदान करने आदि से आपका व्यक्तित्व सामान्य से ख़ास बन जाता है...





**खूबसूरत** दिखने की चाह हर स्त्री में होती है। आज की हर स्त्री अपने को खूबसूरत, अधिक से अधिक आकर्षक और ग्लैमरस दिखाना चाहती है। फैशन की होड़ में शामिल हर स्त्री अन्य सभी स्त्रियों को पीछे छोड़कर स्वयं आगे निकल जाना चाहती है। वह कुछ इस तरह सजना-संवरना चाहती है ताकि वही महफिल की शान बन सके। उसे जो देखे, वह देखता ही रह जाए। उसकी सुन्दरता की दाद दिये बिना वह न रह सके। यह भी सच है कि ग्लैमरस लड़कियां या किशोरियां ही आकर्षक भी लगती हैं।

ग्लैमर क्या है? इसके विषय में मतैक्य नहीं है। सभी अपने-अपने ढंग से इसे परिभाषित करते हैं। इसको लेकर सबकी अपनी अपनी और अलग-अलग सोच हैं। कभी साधारण नैन नक्शवाली सांवली सलोनी लड़कियां भी ग्लैमरस लगती हैं तो अति सुंदर और विशिष्ट अंगों वाली लड़कियां ग्लैमरस नहीं लगती। फैशनेबल, अंग दिखाऊ और उत्तेजक वस्त्रों को पहनकर कोई भी लड़की ग्लैमरस नहीं दिख सकती। अक्सर सामान्य लिबास में सजी अति साधारण लड़की भी अपने अन्य पूरक गुणों के आधार पर खास दिखाई देने लगती है और वह सबका मन मोह लेती है। ग्लैमरस दिखने या दिखाने के लिए देश, काल और अवसर के अनुसार परिधान धारण करना तथा उसी के अनुरूप मेकअप करना आवश्यक होता है। श्रृंगार में ज्वेलरी का अपना विशेष महत्व है इसलिए परिधान के अनुसार ही इसका चुनाव करना चाहिए। सादगी से किये गये श्रृंगार में रंगों का बड़ा ही महत्व होता है। साथ ही सलीके से पहना गया हो तो रौनक और बढ़ जाती है। एक लड़की के बालों का रबड़ बैंड टूटकर गिर गया। जब उसे मालूम हुआ तो उसने अपने रूमाल को स्टाइल से बालों में बांध लिया। यह चर्चा का विषय बन गई और काफी दिनों तक लड़कियां में बालों में रूमाल बांधने का स्टाइल चालू रहा। नमिता एक महत्वाकांक्षी लड़की है और एक कंपनी में काम करती है। उसे अपने रेशम से मुलायम और लहराते बालों पर बहुत नाज है और वह उन्हें सलीके से बांधे रखती है। उसे कंपनी के काम से दिन में कई जगह जाना पड़ता है। एक दिन वह किसी कंपनी में गई थी। वहां अचानक उसके बाल पता नहीं कैसे खुल गए। उसे सूझ नहीं रहा था कि अपने खुले बालों को कैसे संभाले। एकाएक उसके मन में एक युक्ति कौंधी और उसने फौरन अपनी ओढ़नी के एक छोर से बालों को बांध लिया और फिर स्टाइल से ओढ़नी ओढ़ ली। फिर क्या, मजबूरी में उसके द्वारा अपनाया गया यह स्टाइल औरों के लिए फैशन बन गया।

स्टाइल केवल परिधान या मेकअप में ही नहीं बल्कि बोलने के अंदाज, भाव भंगिमा, हंसने बोलने का तरीका, विनम्र स्वभाव, मीठी वाणी, परोपकार की भावना व सही समय पर की गई सही प्रतिक्रिया में भी होती है और ये आपको अति विशिष्ट बना देते हैं। ग्लैमरस दिखने के लिए अपनी दिनचर्या और खान-पान पर ध्यान करने, सदैव खुश रहने के प्रयास, अपने मिलने जुलने वाले को खुशी प्रदान करने आदि से आपका व्यक्तित्व सामान्य से खास बन जाता है।

ग्लैमर एक अदा है जिसे विभिन्न गुणों और अंदाज से मूर्त रूप दिया जा सकता है। ग्लैमरस दिखने के लिए सस्ते या महंगे परिधान या ज्वेलरी के चकाचौंध की जरूरत नहीं होती। अगर आपका अपना स्टाइल है तो आपको ग्लैमरस बनने से कोई नहीं रोक सकता। आपकी सादगी और मोहक अंदाज आपको ग्लैमरस बना सकते हैं।

# ऐगलैस केक

**सामग्री :** दही 1 कप, मैदा डेढ़ कप, चीनी 1 कप, मीठा सोडा आधा छोटा चम्मच, बेकिंग पाऊडर 1 छोटा चम्मच, रिफाइंड ऑयल आधा कप, वनिला एसैंस 8-10 बूंदें।

**विधि :** दही में चीनी डालें। मैदे में बेकिंग पाऊडर डाल कर उसे कम से कम तीन बार छानें। अब दही चीनी के मिश्रण में मीठा सोडा डाल कर थोड़ा फैंटे। बुलबुले उठने पर इसमें रिफाइंड ऑयल डालें फिर इसमें 1-1 चम्मच मैदा डाल कर मिश्रण को हिलाते जाएं। अंत में वनिला एसैंस डाल कर पुनः मिला लें। केक टिन में रिफाइंड ऑयल लगा कर उस पर थोड़ा मैदा डालें। फिर सारा मिश्रण इसमें डाल दें। अब अवन को 250 डिग्री सैंटीग्रेड पर 10 मिनट तक गर्म करें फिर केक टिन इसमें रखें और 150 डिग्री सैंटीग्रेड तापमान 30 मिनट के लिए बेक करें।



# घर में ही बनायें फेसपैक

आज बाजार में विभिन्न प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध हैं जिन्हें अपनाकर महिलाएं जल्द से जल्द अपना सौंदर्य निखारना चाहती हैं मगर ये सौंदर्य प्रसाधन कुछ समय तक ही चेहरे को ताजगी प्रदान करते हैं। कुछ समय बीतने के बाद इनका प्रभाव खत्म हो जाता है व चेहरे को इन सौंदर्य प्रसाधनों की जल्द आवश्यकता महसूस होने लगती है, फिर धीरे-धीरे यह एक आदत-सी बन जाती है। धनी महिलाओं के लिए तो यह सब उपयुक्त होता है मगर मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं के लिए इनका खर्च वहन करना मुश्किल हो जाता है।

त्वचा पर स्थायी निखार लाने हेतु घर पर ही फेसपैक बनाएं तो कम खर्च में ही आप लाभान्वित हो सकेंगी।

- चिरौंजी को कच्चे दूध में पीस लें। इस पेस्ट को त्वचा पर नियमित लगाने से त्वचा मुलायम हो जाएगी।
- चेहरे को साफ करने के लिए पके केले को फेंट कर चेहरे पर मलें। इससे मृत कोशिकाएं बाहर आ जाएंगी व चेहरा साफ हो जाएगा।
- खीरे का रस, गुलाबजल और ग्लिसरीन को मिलाकर लेप बनाएं। इसे चेहरे पर लगा कर सूखने दें। सूखने के पश्चात पुनः फिर लगाएं व ताजे पानी से चेहरा धो लें। चेहरे पर कांति आएगी।
- बेसन व दही को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर नियमित रूप से लगाएं। सूखने पर साफ पानी से साफ करें।



- चन्दन की लकड़ी को पत्थर पर घिस लें। इसमें गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर आधे घंटे तक लगाएं। फिर ताजे पानी से धो लें। चेहरे पर अद्भुत निखार आएगा।
- टमाटर व नींबू के रस को मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर नियमित रूप से प्रयोग करें। यह लेप भी आधे घंटे तक लगा रहने दें। इसके पश्चात् पानी से साफ करें।
- रोजाना सोने से पहले जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर मलें। चेहरे का रंग साफ होगा।
- एक चम्मच नींबू के रस में, दो चम्मच शहद मिलाकर गुनगुना करें। इसे एक घंटे तक चेहरे पर लगाने से पश्चात् चेहरा धो लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य होगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका होगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
नये-नये व्यावसायिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग है। शुभांक-5-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का होगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और सामन्जस्य बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर तनाव रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2009




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर, नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्गों की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 2008 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। एक मित्र ने कहा- 'यार, जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूँ तो दुकानदार मुझे महँगी सब्जी देता है और जब गंदे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।'

दूसरे मित्र ने सुझाव दिया- 'यार तुम कटोरा लेकर जाया करो, मुफ्त में ही दे देगा।'

□ □ □

अपनी पत्नी के चिड़चिड़े और गुस्सैल स्वभाव से परेशान रमन एक बार किसी महात्मा के दर्शन के लिए और महात्मा से पूछा- महाराज, कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरी पत्नी हर बात में क्लेश और अपना चिड़चिड़ापन छोड़ दें।

महात्मा ने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया- बेटे! अगर इसका उपाय मुझे पता होता तो मैं संन्यास ही क्यों लेता।


□ □ □

पत्नी ने उलाहना देते हुए पति से कहा- 'क्योंजी, आप तो विवाह से पहले कहा करते थे कि तुम्हारी छोटी से छोटी इच्छा पूरी करूँगा।'

पति- 'हाँ, पर अब तक राह देख रहा हूँ कि तुम्हारी कौन-सी इच्छा इतनी छोटी है, जिसे मैं पूरी कर सकूँगा।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2009



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाज़ुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरुख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं तब तुम थे' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़ी वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने मन्नत होला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक तोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलूं' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेंद्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरे दिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बापूजी तक घिर चले' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नहीं' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'काली कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेंद्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आज़मी की अमजद विक्रम निर्देशित फिल्म-३
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली डिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लकी अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में डिम्पल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'झूले' में हिमांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं जो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की 'तू चीज बड़ी है मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-५

फिल्म वर्ग पहेली- 2008



## सूडोकु -2009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली -2009



**बाएं से दाएं**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.डींग, भाप-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीड़, धक्कापेल-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासे फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.कलकत्ता-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, कमरा-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.ज्वालामुखी-2
36.चोट, घाव-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पाठशाला-3
9.चंचला-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विलास-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लीक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगार-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली -2008 का हल



## जॉनी बेयरस्टो ने 100वां टेस्ट कैंसर सर्वाइवर मां को किया समर्पित, बोले- उन्होंने तीन नौकरियां कीं क्योंकि...

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार (सात मार्च) से 100वां टेस्ट मैच खेलने जा रहे हैं। वह 100 टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के 17वें प्लेयर बनेंगे। बेयरस्टो इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांचवें टेस्ट में इस उपलब्धि को हासिल करेंगे, जो धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा। 34 वर्षीय बेयरस्टो ने इस उपलब्धि को अपनी कैंसर सर्वाइवर मां जेनेट को समर्पित किया है। जेनेट दो बार कैंसर को मात दे चुकी हैं। बता दें कि बेयरस्टो जब आठ साल के थे तब उनके पिता डेविड ने आत्महत्या कर ली थी। डेविड ने इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट और 21 वनडे खेले।बेयरस्टो ने टेलीग्राफ स्पोर्ट से कहा जब मैं खेलता हूं तो कई बार डैड के बारे में सोचता हूं। लेकिन मैं इस बारे में ज्यादा सोचता हूं कि मां ने कितनी कड़ी मेहनत की ताकि हमें किसी मुश्किल का सामना ना करना पड़े। हमें एक परिवार के रूप में एकजुट रखा। वह मेरी ताकत रही हैं।

वह दृढ़ संकल्प के साथ डटी रहीं। उन्होंने कठिन समय में तीन नौकरियां कीं क्योंकि दस साल से कम उम्र के उनके दो बच्चे थे। वह मुझे लीड्स यूनाइटेड (जहां वह युवा फुटबॉल खेलते थे), हेडिंग्ले और अन्य सभी स्थानों पर लेकर गईं।उन्होंने आगे कहा, वह दो बार कैंसर शिकार हुईं। वह बहुत मजबूत महिला हैं। वह दो बार कैंसर से उबर चुकी हैं, जो उनके साहस की बानगी देता है।

यह महिला की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने 100वें टेस्ट को लेकर कहा, यह जज्बाती हफ्ता रहने वाला है और मैं इसका पूरा मजा लूंगा। बेयरस्टो ने इसके अलावा कहा कि वह बचपन से ही टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहते थे।उन्होंने कहा, मैं वनडे क्रिकेट देखकर बड़ा नहीं हुआ। मैने टेस्ट क्रिकेट देखा है जो मेरे लिए सब कुछ था।

## WPL 2024 Points Table में RCB ने टॉप 3 में की वापसी, यूपी वॉरियर्स को लगा झटका

नई दिल्ली.एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी आरसीबी ने फिर से टॉप 3 में वापसी कर ली है और सीजन का अपना तीसरा मैच अपने होम क्राउड के सामने जीता है, क्योंकि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ये सीजन का आखिरी मैच था। वुमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन के 11 मैच खेले जा चुके हैं। एक तरह से बेंगलुरु लेग समाप्त हो गया है और अब बाकी के मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे। डब्ल्यूपीएल के इस सीजन की पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स



शीर्ष पर है। दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस है। दोनों टीमों ने 4-4 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से 3-3 मैचों में जीत हासिल की है। हालांकि, नेट रन रेट दिल्ली की टीम का बेहतर है और यही कारण है कि दिल्ली की टीम इस समय शीर्ष पर विराजमान है। वहीं, आरसीबी ने पांच में से तीसरा मुकाबला जीतकर टॉप 3 में वापसी की है। लगातार दो मैच हारने के बाद आरसीबी की टीम चौथे पायदान पर खिसक गई थी।

वहीं, सोमवार 4 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित हुए मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को हार का सामना करना पड़ा। इस तरह टीम को पांच मैचों में तीसरी हार मिली और टीम डब्ल्यूपीएल 2024 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक गई। टीम के खाते में सिर्फ चार अंक हैं। वहीं, सबसे आखिरी पायदान पर इस समय गुजरात जाएंट्स है, जिसने बेंगलुरु में चार मुकाबले खेले और चारों ही मुकाबलों में हार का सामना किया। टीम का इस सीजन में खाता तक नहीं खुला।

# धर्मशाला में कैसा होगा पिच का मिजाज, पेसर्स होंगे हावी या स्पिनरों का रहेगा बोलबाला?

नई दिल्ली.धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में इंडिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से खेला जाएगा। धर्मशाला के इस खूबसूरत स्टेडियम की सेंटर विकेट पर ये मैच आयोजित होगा। उम्मीद की जा रही थी कि यहां की ठंडक और तेज हवाओं का फायदा पिच से तेज गेंदबाज उठाएंगे। हालांकि, जो रिपोर्ट सामने आ रही है, उसके मुताबिक स्पिनरों का बोलबाला यहां देखने को मिल सकता है। दरअसल, धर्मशाला में मौसम इस समय बहुत ज्यादा खराब है और अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहने वाला है।



यहां बारिश ने मैच में खलल डालने का पूरा मन बनाया हुआ है। इसी से बचने और मैच को जल्दी खत्म करने के लिए पिच को रैंक टर्नर बनाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट की मानें तो बेमौसम बरसात की वजह से क्यूरेटर को पिच पर काम करने का ज्यादा मौका नहीं मिला है। हालांकि, अगले कुछ दिन में क्यूरेटर भारतीय टीम मैनेजमेंट के साथ बात करके ये फैसला करेगा कि किस तरह की पिच तैयार करनी है। ऐसा लग रहा है कि इंग्लैंड को एक बार फिर इस सीरीज में स्लो टर्नर का सामना करना पड़ेगा।

इसी तरह के ट्रैक से भारतीय टीम ने सीरीज में वापसी की और सीरीज पर कब्जा किया, क्योंकि टीम पहला मैच हार गई थी और अगले तीन मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने में सफल रही। भारतीय टीम प्रबंधन ने महसूस किया है कि किस प्रकार की पिच उसकी ताकत के अनुरूप है और वह आजमाए हुए और परखे हुए फॉर्मूले पर टिके रहने के लिए उत्सुक है।

यही कारण है कि धौलाधार की पहाड़ियों के बीच बने इस स्टेडियम में स्पिनरों के भी खेल में आने की उम्मीद है। बेमौसम बारिश के कारण स्टेडियम का आउटफील्ड थोड़ा गीला है। बता दें कि पिछले साल मार्च में इस स्टेडियम ने आखिरी समय पर इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया मैच आउटफील्ड की वजह से होस्ट नहीं किया था।

इंदौर में वह मैच आयोजित कराया गया था। हालांकि, इसके बाद से यहां कई इंटरनेशनल मैच आयोजित हो चुके हैं।

धर्मशाला में पिच का मिजाज कैसा होगा? पेसर्स को फायदा मिलेगा या स्पिनरों का बोलबाला आखिरी मैच में देखने को मिलेगा? रिपोर्ट के मुताबिक एक और रैंक टर्नर यहां देखने को मिलेगी।

## SRH ने पैट कमिंस को बनाया कप्तान, आकाश चोपड़ा ने उठाए सवाल; कहा- आपने उनके IPL के आंकड़े नहीं देखे

नई दिल्ली. भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और मौजूदा क्रिकेट एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा आईपीएल 2024 के लिए पैट कमिंस को अपना कप्तान नियुक्त करने के सनराइजर्स हैदराबाद के फैसले से सहमत नहीं हैं।

एसआरएच ने आईपीएल 2024 की नीलामी में पैट कमिंस को साढ़े 20 करोड़ रुपये में खरीदा था। हैदराबाद बेस्ड फ्रेंचाइजी ने सीजन से पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान को टीम की कमान सौंपी है। आकाश चोपड़ा ने बताया है कि वे टीम के लिए क्यों योग्य कप्तान नहीं हैं।अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए वीडियो में आकाश चोपड़ा ने कहा है कि आईपीएल में पैट कमिंस के आंकड़े अच्छे नहीं हैं और ना ही वह नई गेंद के साथ और ना ही डेथ ओवरों में कोई शक्तिशाली हथियार हैं। उन्होंने कहा, आपने पैट कमिंस को कप्तान बनाया है, लेकिन क्या आपने उनके हालिया आईपीएल नंबर देखे हैं? ध्यान से देखिये, वह बहुत रन देते हैं और बल्ले से भी उतने रन नहीं बनाते। केवल चार विदेशी खिलाड़ी खेलते हैं। वह ना तो पावरप्ले में गेंदबाजी करते हैं और ना ही डेथ ओवरों में।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने ये भी दावा किया है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह की गारंटी के हकदार नहीं हैं। यहां तक कि वह सबसे छोटे प्रारूप में अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी नहीं करते हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा, "यदि वह उन सभी कामों को नहीं करने जा रहा है, तो आप अपने विदेशी संसाधनों का 25 फीसदी पैसा एक ऐसे खिलाड़ी पर खर्च कर रहे हैं, जिसकी आईपीएल में ड्रग्स में जगह की 100% गारंटी नहीं थी। यही कारण है कि पैट कमिंस उस टीम के कप्तान नहीं हैं, जहां 11 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खेलते हैं। हालांकि, उन्होंने विश्व कप तो जीता है, लेकिन टी20 नहीं।

आकाश ने कहा कि आपने एडन मार्करम को एक ही सीजन के बाद कप्तानी से हटा दिया।

## दिनेश कार्तिक ने लगाई तमिलनाडु के कोच की क्लास, ये बहुत गलत है कि...

नई दिल्ली.एजेंसी

रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में मुंबई ने जगह बना ली है। मुंबई 48वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है, जबकि 41 बार उसने खिताब अपने नाम किया है। रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मैच में मुंबई ने तमिलनाडु को एक पारी और 70 रनों से हराया और फाइनल का टिकट पक्का किया। सेमीफाइनल में हार के लिए तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कप्तान साई सुदर्शन को जिम्मेदार ठहराया है। कोच की इस बात से दिनेश कार्तिक बहुत ज्यादा नाराज हैं। दिनेश कार्तिक खुद तमिलनाडु की ओर से खेल चुके हैं। उनका मानना है कि कोच को इस तरह से कप्तान पर अंगुली नहीं उठानी चाहिए।दिनेश कार्तिक ने सोशल मीडिया ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा, ये बहुत ज्यादा गलत है। एक कोच का ऐसा करना



बहुत ही ज्यादा निराशाजनक है। सात साल बाद जो कप्तान आपको सेमीफाइनल तक लेकर गया, उसको बैक करने की जगह कप्तान को बस के नीचे ही फेंक दिया, सारे इल्जाम कप्तान पर लगा दिए। अच्छी चीजों के लिए कप्तान को बैक नहीं किया।

तमिलनाडु के कप्तान साई सुदर्शन ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया था, जिसके लिए उनकी काफी आलोचना भी हुई। कोच सुलक्षण ने साई सुदर्शन को लेकर कहा, हम मैच के पहले दिन ही सुबह 9 बजे (टॉस का समय) हार गए थे। मेरा मानना था कि कप्तान को बॉलिंग का फैसला लेना चाहिए था, लेकिन उन्होंने दूसरा फैसला लिया। तमिलनाडु पहली पारी में महज 146 रनों पर ही ऑलआउट हो गया था। जवाब में मुंबई ने पहले पारी में 378 रन बनाए और फिर तमिलनाडु दूसरी पारी में महज 162 रन ही बना पाया। इस तरह से मुंबई ने एक पारी और 70 रनों से मैच अपने नाम कर लिया। शार्दुल ठाकुर ने शतक बनाया था, इसके अलावा दोनों पारियों में दो-दो विकेट चटकाए थे। शार्दुल को इस प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया था। पहला सेमीफाइनल मुकाबला विदर्भ और मध्य प्रदेश के बीच खेला जा रहा है। जीतने वाली टीम 8 मार्च से मुंबई के खिलाफ फाइनल मैच खेलेगी।

## प्रवीण कुमार ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन पर साधा निशाना, बोले- पैसे कमाओ कौन मना रहा है, लेकिन...



नई दिल्ली.एजेंसी

जब से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को केंद्रीय अनुबंध की सूची से बाहर किया है, तभी से उनको लेकर बातें हो रही हैं। कोई श्रेयस और ईशान का समर्थन कर रहा है तो कोई बीसीसीआई के इस फैसले को जायज ठहरा रहा है, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने डोमेस्टिक क्रिकेट की अनदेखी की।

इस पर पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने कहा है कि आप कमाइए पैसा, कौन रोक रहा है?कपिल देव ने बीसीसीआई के फैसले का स्वागत किया, जबकि रवि शास्त्री ने दोनों खिलाड़ियों से दमदार वापसी करने को कहा। वहीं, सुनील गावस्कर ने श्रेयस अय्यर के साथ सहानुभूति दिखाई, लेकिन अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के लिए कोसा। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या को ए ग्रेड में शामिल करने पर आवाज उठाई। वहीं, आकाश चोपड़ा ने कहा कि हार्दिक और ईशान का केस अलग है।

उधर, पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा, "पैसा कमा, कौन मना कर रहा है? पैसा कमाना चाहिए, लेकिन ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि आप डोमेस्टिक नहीं खेल रहे, कंट्री को इंपोर्टेंस नहीं दे रहे।

पिछले साल आईसीसी विश्व कप में भारत के स्टार खिलाड़ियों में से एक श्रेयस अय्यर 2023-2024 सीजन के लिए अपने ग्रेड बी अनुबंध को बरकरार रखने में विफल रहे। श्रेयस एकमात्र बल्लेबाज थे, जिन्होंने मध्य क्रम में खेलकर 500 से ज्यादा रन बनाए थे। प्रवीण कुमार ने आगे कहा, "ये मेंटली होता है कि मैं इतने पैसे कैसे छोड़ दूं, लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है। एक खिलाड़ी को चीजों को बैलेंस करना चाहिए। पैसा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह गलत है कि आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## बॉल ब्वॉय ने बाउंड्री पर पकड़ा कैच तो कॉलिन मुनरो ने दी जादू की झप्पी, PSL का वीडियो वायरल

बॉल ब्वॉय ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा तो न्यूजीलैंड के दिग्गज कॉलिन मुनरो ने जादू की झप्पी दी। पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल का वीडियो वायरल हो रहा है। बॉल ब्वॉय ने अच्छे अंदाज में कैच पकड़ा था।




नई दिल्ली.एजेंसी

पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल 2024 का 20वां लीग मैच इस्लामाबाद युनाइटेड और पेशावर जाल्मी के बीच खेला गया। इस मैच की दूसरी पारी में कॉलिन मुनरो ने ऐसा कुछ कर दिया, जिसकी तारीफ हो रही है। उन्होंने एक बॉल ब्वॉय को जादू की झप्पी दी, क्योंकि उसने बाउंड्री लाइन पर एक शानदार कैच पकड़ा था। इस दौरान बॉल ब्वॉय कॉलिन मुनरो से भी बचा था, क्योंकि वे उसके ऊपर से निकल गए थे। दरअसल, पेशावर जाल्मी की पारी के आखिरी ओवरों का खेल जारी थी।

19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर रुमान रईस के खिलाफ आरिफ याकूब ने एक छक्का जड़ा। ये गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग पर गई, जहां कॉलिन मुनरो खड़े थे। ये फ्लिक काफी तेज था, जो बाउंड्री की ओर से जा रहा था। कॉलिन मुनरो गेंद के नीचे आ रहे थे, लेकिन गेंद तेज थी तो सीधे बाउंड्री रोप के बाहर गिर रही थी। इसी दौरान एक बॉल ब्वॉय ने कैच पकड़ा।

बॉल ब्वॉय ने नीचे बैठकर अपने दाएं ओर गेंद को पकड़ा, जबकि कॉलिन मुनरो ने देखा कि गेंद के नीचे एक बॉल ब्वॉय है, जो उनसे टकरा सकता है या फिर उनके पैरों के नीचे आ सकता है तो मुनरो ने बड़े ध्यान से उसे बचाया। इसके बाद कॉलिन मुनरो ने उसे बॉल ब्वॉय को हग भी किया। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें कॉलिन मुनरो और इस बॉल ब्वॉय की तारीफ हो रही है।

इस मुकाबले की बात करें तो बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जाल्मी को हार का सामना करना पड़ा। पेशावर की टीम के इस सीजन में तीसरी हार है। टीम ने अब तक सात मुकाबले खेले हैं, जिनमें से तीन मैचों में टीम को जीत मिली और तीन मैचों में हार मिली। एक मुकाबला टाई रहा था। बाबर आजम इस मैच में बिना खाता खोले पहली गेंद पर रन आउट हो गए थे।

## कप्तान ने नहीं मानी कोच की बात, इस वजह से रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल हारी तमिलनाडु की टीम?

तमिलनाडु की टीम के कोच ने एक बड़ा दावा रणजी ट्रॉफी 2024 सेमीफाइनल को लेकर किया। उन्होंने कहा है कि कप्तान ने इस बात को नहीं माना कि उनको टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करनी चाहिए।



नई दिल्ली.तमिलनाडु की टीम को रणजी ट्रॉफी 2024 के सेमीफाइनल मैच में मुंबई के हाथों हार का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु की टीम काफी समय के बाद सेमीफाइनल में पहुंची थी। हलांकि, टीम को मुंबई के बीकेसी ग्राउंड में खेले गए नॉकआउट मैच में मेजबानों के हाथों हार मिली।

इस हार का जिम्मेदार तमिलनाडु की टीम के कोच ने कप्तान साई किशोर को बताया है। कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने बताया है कि कप्तान ने उनकी बात नहीं मानी थी। कोच कुलकर्णी ने दावा किया है कि हम सेमीफाइनल पहले दिन सुबह 9 बजे ही हार गए थे, क्योंकि टीम के कप्तान साई किशोर ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। तमिलनाडु की टीम पहली पारी में 146 रन बनाकर ढेर हो गई थी। इसके बाद मुंबई की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और 100 रनों के करीब 7 विकेट खो दिए थे।

हलांकि, शार्दुल ठाकुर ने शतक जड़ा और टीम को 378 तक पहुंचाया।इस तरह पहली पारी के आधार पर मुंबई को 232 रनों की बढ़त मिली, लेकिन तमिलनाडु की टीम दूसरी पारी में 162 रन बनाकर ढेर हो गई और मुकाबला पारी और 70 रनों के अंतर से हार गई। कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कहा कि वे मानसिक रूप से तैयार थे कि जो भी टॉस जीतेगा वह पहले गेंदबाजी करेगा, लेकिन कप्तान का कुछ और ही सोचना था। कप्तान साई किशोर ने दूसरे दिन 32 ओवर किए और फाइव विकेट हॉल भी लिया था।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक, सेमीफाइनल हारने के बाद कोच कुलकर्णी ने कहा, मैं हमेशा सीधी बात करता हूं - हम पहले ही दिन 9 बजे मैच हार गए। जैसे ही मैंने विकेट देखा, मुझे ठीक-ठीक पता चल गया कि हमें क्या मिलने वाला है। सब कुछ सेट था, हमने टॉस जीता, एक कोच के रूप में, एक मुंबईकर के रूप में, मैं परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानता हूं। हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन कप्तान की सोच कुछ और थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 06 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## आबकारी इकाईयों की नीलामी में आरक्षित मूल्य की तुलना में 7.42 प्रतिशत की वृद्धि

**हमीरपुरः** वर्ष 2024-2025 के लिए जिला हमीरपुर की पांच आबकारी इकाइयों के आवंटन हेतु निविदा एवं बोली प्रक्रिया मंगलवार को बचत भवन हमीरपुर में एडीसी मनेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम इकाई संख्या 01-नादौन इकाई की बोली आरंभ की गई। इस इकाई के लिये नवीन ठाकुर द्वारा दायर मूल्य 24 करोड़ 71 लाख 26 हजार 152 रुपये की निविदा पाई गई जिसे पीठासीन अधिकारी द्वारा सफल आबंटी घोषित किया गया। इकाई संख्या 02-हमीरपुर के लिये नीलामी प्रकिया शुरू की गई। इस आबकारी इकाई के लिये 23.50 करोड़ रुपये की बोली दी गई तथा इस बोली प्रक्रिया में सर्वाधिक बोली मूल्य 25.01 करोड दी गई। बोली प्रकिया के उपरान्त निविदा बाक्स को खोला गया जिसमें दो निविदाएं प्राप्त हुई। सर्वाधिक निविदा सुरजीत सिंह द्वारा दायर मूल्य 24 करोड़ 88 लाख 88 हजार 888 रुपये की पाई गई जोकि बोली से कम पाई गई। अतः पीठासीन अधिकारी ने मै. प्रभात सिंह अमित कौशल को सफल आबंटी घोषित किया।

इकाई संख्या 03-सुजानपुर के लिये आरक्षित मूल्य 14,05,60,275 रुपये निर्धारित किया गया था। इस ईकाई के लिये कुल एक आवेदन प्राप्त हुआ था। इकाई संख्या 03-सुजानपुर के लिये श्री लखविन्दर सिंह राणा द्वारा दायर मुल्य 14 करोड़ 10 लाख रुपये की निविदा पाई गई जिसे सफल आंवटी घोषित किया गया । इकाई संख्या 04- बड़सर के लिये आरक्षित मुल्य 19,43,90,790 रुपये निर्धारित किया गया था।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया बिजली महादेव रोपवे का वर्चुअल शिलान्यास

**कुल्लूः केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी द्वारा मंगलवार को वर्चुअल बिजली महादेव रोपवे का शिलान्यास किया गया। मुख्य संसदीय सचिव वन ऊर्जा,पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर मोहल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर सुन्दर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस रोप वे का निर्माण एनएचएआई द्वार डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा।

# 1.5 करोड़ किसानों को सरकार का होली गिफ्ट

### निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत बिजली बिल माफ

योगी मॉडल

8 निजी नलकूप पर नहीं देना होगा बिजली बिल, एक अप्रैल 2023 से प्रदेश भर में लागू होगी योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा प्रदान किया है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने चुनावों के समय ही किसानों से निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था। अब सरकार ने मंगलवार को इस पर निर्णय लेकर अपना वादा पूरा कर दिया है।

**14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों पर लागू होगा निर्णयः** कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।



### एससीआर गठन के अध्यादेश को भी मिली मंजूरी

**योगी** सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

**लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी का होगा शुभारंभ :** योगी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी. मेट्रो संचालित की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके माध्यम से योगी सरकार लखनऊ में आवागमन को और सुगम व सुविधाजनक बनाएगी। इस पर लगभग 5801 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

### ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी मिली मंजूरी

**सरकार** ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले 4 साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नीति की समयावधि 5 वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपए सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। ऐसे उद्योगों को 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं।



चित्रकोट महोत्सव में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा तैयार की गई ट्राइब्स ऑफ बस्तर कॉफी टेबल बुक का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को किया।इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल और अन्य अतिथि उपरिस्थिति रहे।

## राजस्थान वासियों का प्रकृति के प्रति लगाव अद्भुत: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना में केवल मानव जाति का ही नहीं अपितु समस्त जीव-जन्तुओं, पृथ्वी और प्रकृति का कल्याण निहित है। प्रकृति में बेहतर सामंजस्य और संतुलन के आधार पर ही मानव जाति का विकास संभव है। इसलिए हमें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने संबंधी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीव-जन्तुओं की कई प्रजातियों का लुप्त होना चिंताजनक है। इन्हें बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मानव जाति का अस्तित्व भी खतरे में है।

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को जारी किए 23 करोड़

### अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान, सीएम योगी के निर्देश पर जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट के लिए जारी किया मुआवजा



मुआवजा

8 मुख्यमंत्री योगी ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से अन्नदाताओं की क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए 23 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। यह धनराशि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जनपदों के लिए जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

**फसलों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट देखते ही सीएम योगी ने स्वीकृत की धनराशिः** प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गयी थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए 1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त ने बताया कि खराब मौसम की वजह से प्रदेश के नौ जिलों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलों को सर्वाधिक नुकसान हुआ था। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन जिलों को तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## 17 दिन बाद भी खाकी के हाथ नहीं आया सॉल्वर गैंग का सरगना

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः** सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश करने वाले सॉल्वर गैंग के सरगना योगेश की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस टीम ने आरोपित के घर और उसके रिश्तेदारों के घर भी दबिश दी, लेकिन आरोपित और उसके साथी अब तक नहीं पकड़े गए हैं। जबकि पुलिस मामले में एक सॉल्वर समेत तीन आरोपितों जेल भेज चुकी है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में सिपाही भर्ती परीक्षा केंद्र बनाया गया था। 17 फरवरी की सुबह पाली में बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा था। इसी दौरान थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के शिव नगर पत्थरखेड़ा निवासी अभिषेक कुमार का बायोमैट्रिक सत्यापन किया गया तो एरर आ रहा था। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना असली नाम अवनीश कुमार, बिहार के सीतामढ़ी निवासी बताया। पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल से मनीष को पकड़ लिया था। इसके अलावा अभ्यर्थी अभिषेक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सॉल्वर ने बताया कि उसे और कुमार गौरव को बिहार के चंपारण जनपद के बरवाड़ा सितार ढाका निवासी अभिनव आलोक लेकर आया था जबकि अभिषेक और मनीष से ठाकुरद्वारा के राजोपुर मिलक निवासी योगेश यादव और उसके रिश्तेदार सुचित कुमार निवासी विजय नगर डूगरपुर थाना ठाकुरद्वारा ने दस-दस लाख रुपये में सॉल्वर बैठाने का सौदा तय किया था।

## चार नए मंत्रियों को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

विस्तार

8 विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।



**राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने दिलाई शपथः** योगी मंत्रिमंडल में मंगलवार को चार नए मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने इन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित किया। योगी सरकार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली।

## वंदे भारत ट्रेन के निर्माण में उद्यमी भी करेंगे सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुरः** जोधपुर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को उद्यमियों के लिए वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव वर्कशॉप में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण में मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा उद्यमियों को वंदे भारत ट्रेन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डीआरएम पंकज कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने जोधपुर के उद्यमियों को चलचित्र के माध्यम से बताया कि वंदे भारत ट्रेन में उपयोग में होने वाले विभिन्न घटकों को स्थानीय उद्योग



अनुसन्धान अभिकल्प एवं मानक संगठन के मानकों के अनुरूप तैयार कर रेलवे को आपूर्ति कर सकते है। इससे न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वोकल फॉर लोकल का सपना पूर्ण होगा बल्कि स्थानीय इकाइयों को भी अपने उत्पाद को आरडीएसओ के तय मानकों के अनुसार विकसित करने का मौका मिलेगा। साथ ही उनके उत्पाद भी विश्वस्तरीय गुणवत्ता के हो जाएंगे जिनसे उनको अपने उत्पादों को निर्यात करने में भी सहायता मिलेगी।उन्होंने वंदे भारत ट्रेन में स्थानीय उद्योगों के लिए उपयोगी एवं आवश्यक घटकों गैंग वे डस्टप्रूफ

जानकारी

8 उद्यमियों को वंदे भारत ट्रेन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की

सुरक्षा सुविधाओं, ग्लास स्टोन प्रूफ की हीट लोड गुणवत्ता, पैनल को लगाना एवं खोलने हेतु आसान बनाना, टच फ्री स्लाइडिंग डोर का निर्माण, कम्युनिकेशन इंप्रूवमेंट, रिक्लाइनिंग सीटें बेहतर डिजाइन करना व टॉयलेट बायो वैक्यूम चोकिंग आदि की जानकारी दी।

## पार्टी और संगठन से पहले देश बचाना जरूरी: डा. सुशील गुप्ता


**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** पार्टी और संगठन से पहले देश को बचाना जरूरी है। भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है। कुरूक्षेत्र लोकसभा से देश में बदलाव की शुरूआत होगी। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और गठबंधन के कुरूक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता मंगलवार को आप नेता विरेंद्र लाठर के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लोकत्रंत को खत्म कर तानाशाह राज बनाना चाहती है।

## अब डाकघरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निशुल्क पंजीयन

**टीम एक्शन इंडिया**

वाराणसी: अब डाकघरों के माध्यम से भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। यह जानकारी मंगलवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं। जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं,उनका नि:शुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि पोस्टमैन घर-घर



जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन 'क्यूआरटी पीएम सूर्यघर' के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं।

पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर,ग्राहक का नाम,राज्य,जिला,बिजली वितरण कंपनी,उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर,सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए नि:शुल्क पंजीयन कर रहे हैं। गौरतलब हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हजार,तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी। जिससे क्रमश: औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है।

## कृषि मंत्री पहुंचे एसओजी कार्यालय, पेपर लीक मामले में ली जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा मंगलवार को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) कार्यालय पहुंचे और पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कर पास होने के मामले की अधिकारियों से जानकारी ली एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि पेपर लीक जयपुर के हसनपुरा में शांति नगर स्थित परीक्षा केंद्र रवींद्र बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुआ था। इस मामले में अभी तक सेंटर सुपरिटेंडेंट की गिरफ्तारी हुई है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।मंत्री किरोड़ी लाल ने कहा कि मेरे पास कई ऐसे दस्तावेज और सबूत हैं, जिससे पता चलता है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में किन-किन लोगों ने पेपर लीक में सहयोग किया था।

पेपर लीक

8 अभी तक सेंटर सुपरिटेंडेंट की गिरफ्तारी हुई है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है

विकास

दंतेवाड़ा जिले में 38 करोड़ 22 लाख 27 हजार की लागत से 232 विकास कार्य की सौगात मुख्यमंत्री श्री साय ने दी

## सीएम ने 208.32 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बस्तर जिले के चित्रकोट महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने महोत्सव में बस्तर संभाग के सभी जिलों को 208 करोड़ 32 लाख रुपये से अधिक राशि के 643 विकास कार्यों की लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन कार्यों में 104 करोड़ 20 लाख 61 हजार की लागत से 177 विकास कार्यों का लोकार्पण और 104 करोड़ 11 लाख 65 हजार रुपए की लागत से 466 विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा बस्तर जिले के 12 करोड़ 40 लाख 69 हजार की लागत से 31 विकास कार्य, सुकमा जिले के 10 करोड़ 27 लाख की लागत से 08 विकास कार्य, नारायणपुर जिले के 35 लाख 24 हजार की लागत से तीन विकास कार्य, बीजापुर जिले के 25 करोड़ 83 लाख 18 हजार की लागत से 104 विकास कार्य, कोण्डागांव जिले के एक करोड़ 08 लाख 46 हजार की लागत से 15 विकास कार्य, कांकेर जिले के 47 करोड़ 10 लाख 70 हजार की लागत से 14 विकास कार्य और दंतेवाड़ा जिले के 07 करोड़ 15 लाख 28 हजार की लागत से 02 विकास कार्य का लोकार्पण किया गया। भूमिपूजन-शिलान्यास के तहत बस्तर जिले में 10 करोड़ 45 लाख 75 हजार की लागत से 108 विकास कार्य, सुकमा जिले में 08 करोड़ 50 लाख 86 हजार की लागत से 06 विकास कार्य, नारायणपुर जिले में 08 करोड़ 73 लाख 77 हजार की लागत से 14 विकास कार्य, बीजापुर जिले में 10 करोड़ 43 लाख 37 हजार की लागत से 70 विकास कार्य, कोण्डागांव जिले में 04 करोड़ 28 लाख 17 हजार की लागत से 07 विकास कार्य, कांकेर जिले में 23 करोड़ 47 लाख 46 हजार की लागत से 29 विकास कार्य और दंतेवाड़ा जिले में 38 करोड़ 22 लाख 27 हजार की लागत से 232 विकास कार्य की सौगात मुख्यमंत्री श्री साय ने दी है।

लोकार्पण

8 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर जिले के चित्रकोट महोत्सव में शामिल हुए, विकास कार्यों को किया लोकार्पण

